शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 19, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 14 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# मांगों को लेकर दिल्ली कूच करने को अड़े किसान

## किसानों ने प्रदर्शन रोका, कल फिर दिल्ली जाएंगे: शंभू और खनौरी बॉर्डर पर झड़प; हरियाणा के 7 जिलों में 15 फरवरी तक इंटरनेट बैन

**नई दिल्ली**

**मंगलवार** को किसानों के दिल्ली कूच होने को लेकर जहां एनसीआर में भारी जाम देखने को मिला, वहीं गाजीपुर बॉर्डर, सिंघु बॉर्डर और संभू बॉर्डर समेत सभी बॉर्डर को सील कर दिया गया है। किसानों ने मंगलवार को संभू बॉर्डर क्रॉस करने की कोशिश की तो सुरक्षाबलों के साथ उनकी झड़प हो गई। किसानों ने पुलिस बैरिकेड तोड़ने का प्रयास किया। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस ने ड्रोन से आंसू गैस के गोले दागे। अर्जुन मुंडा किसान नेताओं के साथ बातचीत करने वाले मंत्रियों की टीम में शामिल हैं। इस टीम में खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल, टङ्कर नित्यानंद राय और पंजाब के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल भी शामिल हैं। इस बार किसान आंदोलन 'संयुक्त किसान मोर्चा' और 'पंजाब किसान मजदूर संघर्ष समिति' किया जा रहा है। जिसका नेतृत्व किसान यूनियन नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंढेर कर रहे हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर के अनुसार, लगभग 10 हजार किसान शंभू बोर्डर पर हैं। किसान यहां शांतिपूर्ण स्थिति बनाए हुए हैं, लेकिन हमारे खिलाफ आंसू गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है। मांगे पूरी होने तक विरोध जारी रहेगा। किसानों ने केंद्र सरकार के सामने 12 मांगें रखी हैं, जिन्हें लेकर वे दिल्ली कूच कर रहे हैं। वे स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी वाला कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। इस बार वह पूर्ण कर्ज माफी और किसानों और खेत मजदूरों को पेंशन प्रदान करने की योजना की भी मांग कर रहे हैं। किसानों ने बिजली संशोधन विधेयक 2020 को रद्द करने का भी आग्रह किया है। किसानों ने भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को फिर से लागू करने, किसानों की सहमति सुनिश्चित करने और कलेक्टर दर से 4 गुना मुआवजा देने की मांग की है।



## किसान आंदोलन से भाजपा को कितना नुकसान

**लोकसभा** चुनाव 2024 के ठीक पहले किसान एक बार फिर न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर आंदोलन की राह पर उतर आए हैं। जिस समय राम मंदिर निर्माण के जोश से लबरेज भाजपा अपने पूरे वेग में आगे बढ़ रही थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रहे थे, किसान उसके रास्ते में आकर खड़े हो गए हैं। ल्अंततः प्रधानमंत्री मोदी को 19 नवंबर 2021 को तीनों विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा करनी पड़ी थी। इसके ठीक बाद यानी फरवरी-मार्च 2022 में पांच राज्यों (उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर और पंजाब) की विधानसभाओं के चुनाव हुए थे। किसानों ने इन चुनावों में भाजपा के बहिष्कार की घोषणा की थी। लेकिन किसानों की इस अपील का जनता पर कोई असर नहीं हुआ था। भाजपा ने इनमें से चार राज्यों (उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा) में सफलता प्राप्त की थी। जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी बड़ी जीत हासिल करने में सफल रही थी।

## 'दिल्ली चलो' मार्च का आह्वान, मूल रूप से पंजाब के संगठनों ने उठाया

**किसान** संगठन के अध्यक्ष ने बताया, 'दिल्ली चलो' मार्च का आह्वान, मूल रूप से पंजाब के तीन चार संगठनों की तरफ से हुआ है। हरियाणा से भी दो तीन संगठन बताए जा रहे हैं। इनमें से एक संगठन 'पंजाब किसान मजदूर संघर्ष समिति' है। इसके महासचिव सरवन सिंह पंढेर हैं। यह वही संगठन है, जिसने 26 जनवरी 2021 को लालकिले में घुसकर उपद्रव मचाया था। लाल किला की प्राचीर पर चढ़कर तिरंगे का अपमान किया गया था। पंढेर, सरकार के साथ हुई बातचीत में भी शामिल रहे हैं।

दूसरा संगठन, भारतीय किसान यूनियन (एकता सिंधुपुर) के अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल का है। डल्लेवाल भी पहले एसकेएम में शामिल रहे हैं। बाद में इन्होंने अपना एक अलग संगठन खड़ा कर लिया। क्रांतिकारी किसान यूनियन भी दिल्ली चलो मार्च में शामिल है। हरियाणा से बीकेयू (शहीद भगत सिंह) अंबाला, एसकेएम (बलदेव सिंह सिरसा) अमृतसर, लखविंद्र सिंह का एक छोटा समूह और फतेहाबाद में खेती बचाओ संगठन से जुड़े रहे सरपंच जरनैल सिंह शामिल हैं। भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी संगठन के अध्यक्ष सुरजीत सिंह फूल का संगठन दिल्ली चलो मार्च में हिस्सा ले रहा है। सुरजीत सिंह फूल, उन 25 किसान नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने कृषि कानूनों पर सरकार के साथ चर्चा की थी। पंजाब में पीएम मोदी का काफिला रोकने की जिम्मेदारी भी इसी संगठन ने ली थी।




## तमिलनाडु की आदिवासी महिला बनी सिविल जज




**चेन्नई (तमिलनाडु)**

तिरुवन्नमलाई जिले के पुलियूर गांव की 23 वर्षीय आदिवासी महिला श्रीपति सिविल जज के रूप में चयनित होने के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सहित सैकड़ों लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गई। सिर्फ इसलिए नहीं कि वह राज्य के सबसे पिछड़े पहाड़ी इलाके आती हैं बल्कि इसलिए कि उसने बच्चे को जन्म देने के कुछ ही दिन बाद परीक्षा दी थी।

बता दें कि तमिलनाडु की 23 वर्षीय आदिवासी महिला श्रीपति जैसे ही सिविल जज बनीं गांव के लोगों ने इस उपलब्धि का इजहार करते हुए एक स्वागत समारोह का आयोजन किया जिसमें मिठाई बांटने से लेकर ढोल- नगाड़ा बजाने, माला पहनाने और एक भव्य जुलूस निकलने का कार्य किया जो देखते ही देखते सोशल मीडिया में भी वायरल हो गया। इस खुशहाली को इजहार करने के लिए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोशल मीडिया पर लिखा, "मुझे एक पहाड़ी गांव के आदिवासी समुदाय की एक युवा महिला को कई सुविधाओं के बिना यह मुकाम हासिल करते हुए देखकर खुशी हो रही है।" उन्होंने कहा कि द्रमुक की ह्लद्रविड़ मॉडल सरकारह्व ने सरकारी नौकरियों में तमिल-मध्यम छात्रों को प्राथमिकता देने वाली एक नीति पेश लेकर आई थी, जिसके माध्यम से श्रीपति को न्यायाधीश के रूप में चुना गया था। उन्होंने आगे कहा , ह्लमुझे यह जानकर गर्व है और मैं उनकी मां और पति को उनके अटूट समर्थन के लिए बधाई देता हूं। तमिलनाडु में जो लोग सामाजिक न्याय शब्द का उच्चारण करने में भी झिझकते हैं, उनके लिए श्रीपति जैसे व्यक्तियों की सफलता तमिलनाडु की प्रतिक्रिया है।"

## नेपाल में अवैध रूप रह रहे रोहिंग्या और पाकिस्तानी, भारत के लिए बन सकता है सिरदर्द

**काठमांडू**

नेपाल में अवैध रूप से रह रहे शरणार्थियों की संख्या पिछले तीन साल में तीन गुणा अधिक होने का तथ्य सामने आया है। इन अवैध शरणार्थियों में सबसे अधिक संख्या रोहिंग्या मुसलमानों और पाकिस्तानियों की है। नेपाल के सुरक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि यह सिर्फ नेपाल के लिए नहीं बल्कि भारत के लिए भी सिरदर्द बन सकता है। नेपाल स्थित संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग की तरफ से उपलब्ध कराए गए तथ्य के मुताबिक इस समय नेपाल में 16 देशों के 988 शरणार्थी रह रहे हैं। इनमें से 682 लोगों को यूएन की तरफ से परिचय पत्र दे दिया गया है जबकि बाकी शरणार्थी का निवेदन अभी भी लम्बित है। उच्चायोग की तरफ से बताया गया है कि नेपाल में पिछले तीन वर्षों में शरणार्थियों की संख्या तीन गुणा बढ़ गई है। इनमें सबसे अधिक संख्या म्यामार से आने वाले रोहिंग्या मुसलमानों की है। जबकि पाकिस्तान के नागरिकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। नेपाल के अध्यागमन विभाग में रहे रिकार्ड के मुताबिक नेपाल में आधिकारिक रूप से रोहिंग्या मुसलमानों की संख्या 508 दर्ज की गई है। इसी तरह नेपाल में आकर शरणार्थी जीवन व्यतीत कर रहे पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या 353 बताई गई है। अध्यागमन विभाग के मुताबिक अफगानिस्तान से 36, सोमालिया से 31, श्रीलंका से 27, ईरान से 9, यूक्रेन से 6, बांग्लादेश से 5 लोग शरणार्थी के रूप में नेपाल में रह रहे हैं। ऐसे ही यमन से 3, रूस से 3, सुडान से 2 तथा चीन, फिलिपिन्स, इराक, दक्षिणी सुडान और रूवाण्डा से एक एक नागरिक शरणार्थी के रूप में नेपाल में रह रहे हैं। सुरक्षा अधिकारियों ने नेपाल में अवैध रूप से रोहिंग्या और पाकिस्तानी नागरिकों का शरणार्थी के रूप में आने को देश की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बताया है।



नेपाल पुलिस के पूर्व एआईजी नवराज सिलवाल ने कहा कि रोहिंग्या और पाकिस्तानी नागरिकों का अवैध प्रवेश ना सिर्फ देश की आन्तरिक सुरक्षा के लिए बल्कि अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे आतंकी घटना के मद्देनजर भी यह खतरा का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ खुली सीमा के कारण सिक्योरिटी थ्रेट सिर्फ नेपाल के लिए नहीं बल्कि भारत के लिए भी उतना ही है। कई वर्षों तक नेपाल पुलिस के इंटेलिजेंस विभाग में काम कर चुके पूर्व एआईजी बम बहादुर भण्डारी ने कहा कि भारत को अपनी खुली सीमाओं पर निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता है क्योंकि नेपाल में आए रोहिंग्या हों या पाकिस्तानी सभी भारत की सीमा का प्रयोग कर ही नेपाल में प्रवेश किया है। सीमा सुरक्षा में लापरवाही के कारण ही यह हो पाने की बात कहते हुए भण्डारी ने कहा कि समय पर ही इस बात में सजग और सचेत होकर इसके स्थाई समाधान की व्यवस्था नहीं की गई तो बढ़ते शरणार्थियों की संख्या आने वाले दिन में भारत के लिए बड़ा सरदर्द बन सकता है।

## हरदा: पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में सातवां आरोपी गिरफ्तार

**हरदा**

हरदा के ग्राम बैरागढ़ में मगरधा रोड पर स्थित फटाखा फैक्ट्री में गत दिनों हुए विस्फोट के मामले में मंगलवार को सातवें आरोपित आयुष गर्ग निवासी अजनास रोड़ खातेगांव जिला देवास की गिरफ्तारी हुई है।

पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने बताया कि छह आरोपित पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुके है, जिनमें राजू उर्फ राजेश अग्रवाल पुत्र नंदलाल अग्रवाल उम्र 55 साल नि. वार्ड क्र 02 पुरानी सब्जी मंडी मानपुरा हरदा, सोमेश अग्रवाल पुत्र नंदलाल अग्रवाल उम्र 42 साल नि. वार्ड क्र 02 पुरानी सब्जी मंडी मानपुरा हरदा, मन्नी उर्फ रफीक खान उम्र 54 साल नि. मानपुरा हरदा, आशीष पुत्र राधाकिशन तमखाने जाति कहार उम्र 35 साल नि. खेडीपुरा हरदा, अमन पुत्र राधाकिशन तमखाने उम्र 31 साल नि. खेडीपुरा हरदा, आरोपी अभिषेक अग्रवाल पुत्र अशोक अग्रवाल उम्र 34 साल निवासी नर्मदा कालोनी वार्ड क्र. 1 खातेगांव जिला देवास शामिल है।

## श्रीनगर में पंजाब के दो मजदूरों की हत्या करने वाला आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर**

**पुलिस** ने बीते सप्ताह श्रीनगर में पंजाब के दो श्रमिकों की टार्गेट किलिंग में शामिल मुख्य आतंकी को सोमवार को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार आतंकी भी श्रीनगर का ही रहने वाला है और उसके पास से वारदात में प्रयुक्त पिस्तौल भी बरामद किया गया है। यह वारदात पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा के हिट स्क्वॉड कहे जाने वाले द रजिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ के हैंडलर के कहने पर अंजाम दी गई थी। ताकि कश्मीर में रह रहे अल्पसंख्यकों और अन्य राज्यों से रोजी रोटी की तलाश में आए श्रमिकों में डर पैदा कर उन्हे कश्मीर से भागने के लिए मजबूर किया जा सके।



**पंजाब के श्रमिकों पर दागी थी गोलियां**

श्रीनगर के शाला कदल इलाके में आतंकियों ने सात फरवरी को अमृतसर पंजाब के दो श्रमिकों अमृतपाल सिंह और रोहित मसीह पर पिस्तौल से गोलियां दागी थी। इस हमले में अमृतपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि रोहित मसीह ने अगली सुबह आठ फरवरी को दम तोड़ा था। कानून व्यवस्था विजय कुमार ने यहां कश्मीर रेंज के आइजी बी के विरदी की मौजूदगी में पत्रकारों के साथ बातचीत में पंजाब के दोनों श्रमिकों की हत्या की गुत्थी सुलझाने का दावा किया।

## मुख्यमंत्री योगी ने बाबा विश्वनाथ दरबार में हाजिरी लगाई,

**वाराणसी,**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार देर शाम श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में विधिवत हाजिरी लगाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शहर में आए मुख्यमंत्री ने बाबा विश्वनाथ के स्वर्णिम दरबार में दर्शन पूजन किया।

मुख्यमंत्री को बाबा के दरबार में देख दर्शन पूजन के लिए आए श्रद्धालु हर-हर महादेव का उद्घोष कर उनका अभिवादन करते रहे। मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़ कर शिवभक्तों का अभिवादन स्वीकार किया। बाबा के दरबार में दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री ज्ञानवापी स्थित व्यासजी के तहखाने में झांकी दर्शन के लिए पहुंचे। यहां नंदी भगवान का पूजा कर मुख्यमंत्री ने तहखाने में रखी ऐतिहासिक मूर्तियों का दर्शन पूजन किया। यहां के पूर्व मुख्यमंत्री ने काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के मंदिर में दर्शन पूजन किया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री श्री संकटमोचन मंदिर में गए। यहां दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र से मुलाकात कर उनकी माता की मृत्यु पर शोक संवेदना भी जताई। मुख्यमंत्री ने रानीपुर में किसान नेता महेंद्र सिंह के घर जाकर उनके परिजनों से भी मुलाकात की।



**मंत्री रविंद्र जायसवाल के आवास पर जाकर वर-वधु को आशीर्वाद दिया**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने वाराणसी दौरे के दौरान मंगलवार देर शाम राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल के खोजवा स्थित आवास पर गए। आवास पर मुख्यमंत्री ने रविन्द्र जायसवाल के नवविवाहित पुत्र आयुष जायसवाल व बहू अक्षता को आशीर्वाद दिया और उनके सुखमय गृहस्थ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंत्री के परिजनों के साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवाया।

## आप का कांग्रेस को 1 लोकसभा सीट का प्रपोजल

### दिल्ली में कांग्रेस एक भी सीट की हकदार नहीं, हम तो गठबंधन धर्म निभा रहे

**नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने गोवा और गुजरात के अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। मंगलवार (13 फरवरी) को आप सांसद संदीप पाठक ने पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक के बाद इंडिया ब्लॉक के साथ सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा की।

संदीप ने कहा कि योग्यता के आधार पर कांग्रेस पार्टी दिल्ली में एक भी सीट की हकदार नहीं है। हम गठबंधन धर्म को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव दे रहे हैं कि दिल्ली में कांग्रेस एक सीट और आप 6 सीटों पर लड़े।



कांग्रेस से सीट शेयरिंग पर 2 मीटिंग हुईं, दोनों बेनतीजा: संदीप ने यह भी कहा कि सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस पार्टी के साथ दो बैठकें हुईं, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसके अलावा, पिछले 1 महीने में कोई बैठक नहीं हुई है। हम अगली मीटिंग का इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं को भी अगली बैठक की जानकारी नहीं है। संदीप ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली में 2019 लोकसभा चुनाव में जीरो सीट, विधानसभा में जीरो सीट, एमसीडी चुनावों में 250 में से सिर्फ 9 सीटें जीती हैं।

उधर, आप ने गुजरात में पिछले स्टेट इलेक्शन में वोट शेयर के अनुपात में 26 में से 8 लोकसभा सीटों की मांग की है।

पंजाब की 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी आप : आप ने पिछले महीने 24 जनवरी को ही ऐलान कर दिया था कि वह पंजाब की सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इसके लिए अंदरूनी तौर पर आप ने पूरी तैयारी कर ली है।

## चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ शरद पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली**

शरद पवार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शरद पवार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर निर्वाचन आयोग की ओर से अजीत पवार गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता देने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी है। छह फरवरी को एनसीपी के अजीत पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट में केविएट दाखिल की है। अजीत पवार गुट ने कहा है कि अगर निर्वाचन आयोग के फैसले को शरद पवार गुट चुनौती देता है तो कोई भी आदेश पारित करने से पहले उसका पक्ष भी सुना जाए।

# बारिश में कच्चा मकान जमींदोज दबकर छात्र की मौत







अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खाई में मंगलवार को दोपहर हुई तेज बारिश ओलाविष्ट एवं तूफान के बीच एक गरीब का आशियाना तेज बारिश और तूफान से जमींदोज हो गया जिसमें 7 वर्षी एक छात्र की दबकर दर्दनाक मौत हो गई ग्रामीणों के अनुसार खाई गांव कोलान बस्ती में ऋतिक सात वर्ष पुत्र अजय आदिवासी कक्षा तीन का छात्र था दोपहर स्कूल से छुट्टी होने पर घर लौटा इस बीच तेज बारिश होने लगी वह जाकर अपने कच्चे मकान में घुस गया और जीर्ण अवस्था में कच्चा मकान हवा के तेज झोंके के बीच जमीदोज हो गया जिसमें ऋतिक की दबकर मौत हो गई घटना की जानकारी होने पर प्रधान एवं इलाकाई पुलिस लेखपाल राजस्व विभाग टीम मौके पर मौका मुआयना किया प्रधान प्रतिनिधि अजीत शर्मा ने बताया कि उक्त परिवार गरीब है उसको आवास सरकारी मुहैया कराया गया था जिसकी पहली किस्त में आधे से ज्यादा निर्माण हो चुका था दूसरी किस्त के इंतजार में छत नहीं पड सका था के कारण परिवार कच्चे मकान में रह रहा था जो घटना का शिकार हो गया।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलसी महिला व बच्ची एवं गाय ने तोड़ा दम

**लालापुर।** बारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धरा मौजा बांकीपुर में मंगलवार की दोपहर अचानक गरज चमक के साथ बूंदा-बांदी के दौरान गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला व एक बच्ची झुलस कर अचेत हो गई तथा गाय की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर थाना प्रभारी बारा विनोद कुमार आनन-फानन में अपने हमराही के साथ घटनास्थल पहुंचे थाना प्रभारी बारा विनोद कुमार ने उपचार हेतु एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ भेजा। परिजनों के मुताबिक चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची की हालत स्थिर बताया है और महिला की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।मिली जानकारी के मुताबिक खुशबू भारतीय पुत्री राजकुमार भारतीय व काजल भारतीय पुत्री राम निरंजन भारतीय घर में मौजूद दरवाजे के सामने खड़ी थी कि अचानक आसमान से बरसी आफत ने अपने आगोश में ले लिया। आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दोनों झुलस गई एवं एक गाय भी आकाशीय बिजली के कहर की चपेट में आकर दम तोड़ दिया।

## तेज हवा के साथ भारी बारिश एवं ओलावृष्टि ने मचाई तबाही जन जीवन अस्त व्यस्त

### कहीं गिरे पेड़ तो कहीं गिरे बिजली के खंभों ने किया रास्ता अवरुद्ध आवागमन घंटो रहा प्रभावित लोगों को उठानी पड़ी भारी परेशानी



**मेजा।** मेजारोड-कोरांव मार्ग पर तीन-तीन जगह पेड़ धराशाई होने से जहां आवागमन बाधित हो गया वहीं जानकीगंज सब्जी मंडी के आगे नीम का पेड़ गिरने व डेलौंहा गांव में बीच सड़क पर ही बिजली का खंभा भी गिर गया। पौसिया चौहान गांव के समीप भी बीच सड़क पेड़ गिर गया। जिससे मेजा व कोरांव जाने वाले वाहनों को काफी फजीहतों का सामना करना पडा। कई वाहन घंटों कतार में खड़े रहे। हल्के वाहन बगल पटरी पर कीचड़ से होकर निकल रहे थे। इस दौरान राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सुबह से ही रुक-रुक कर हो रही थी दिन में दोपहर में तेज हवा के साथ हुई भारी बारिश एवं ओलावृष्टि से एक ओर जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया तो वहीं मेजा के जानकीगंज सब्जी मंडी के आगे नीम का पेड़ गिरने व डेलौंहा गांव में मेजारोड-कोरांव मार्ग पर बेर का विशाल पेड़ व बिजली का खंभा बीच सड़क पर गिर गया। वहीं पांच सौ मीटर आगे पौसिया चौहान गांव में भी उक्त मार्ग पर विशाल पेड़ बीच सड़क धराशाई हो गया। जिससे आवागमन बाधित हो गया। हल्के वाहन बगल पटरी से होकर निकल रहे हैं जो दुर्घटना की संभावना बनी हुई है।

# शक्ति वंदन सम्मान समारोह में समूह की 25 महिलाएं हुई सम्मानित

### समाज के निर्माण के लिए महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से होना होगा आत्मनिर्भरः नीलम करवरिया

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** शक्ति वंदन अभियान के तहत महिला सम्मान समारोह मंगलवार को ब्लॉक मेजा के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें स्वंय सहायता समूह की बैंक सखी, समूह सखी और विद्युत सखी की 25 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने सम्मानित किया। श्रीमती करवरिया ने कहा कि आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ महिलाओं को सामाजिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर भी होना होगा। सभी महिलाओं को इन सम्मानित होने वाली महिलाओं से प्रेरणा लेकर घर में रहकर ही छोटा व्यवसाय करते रहना चाहिए। जब महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगी तो परिवार तथा समाज का अच्छे से निर्माण कर सकेंगी। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय प्रधान संघ के जिला प्रभारी अनिल शुक्ला ने किया।इस मौके पर बीडीओ मेजा सरिता सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सविता मिश्रा, सचिव राजेश त्रिपाठी, नमामि गंगे के प्रभारी अमरेश तिवारी, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री अनीता मिश्रा, पूर्व विधायक पीआरओ जितेंद्र शुक्ला और जिला कार्यालय प्रभारी विनीता विश्वकर्मा सहित सैकड़ो समूह की महिला मौजूद रहीं।

# मेजा में आयोजित रोजगार मेले में 54 बेरोजगार युवकों को मिला रोजगार

अखंड भारत संदेश

### नोएडा वापी गुजरात गुड़गांव भिवंडी और हरियाणा की कंपनियों ने किया चयनित




**मेजा।** दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन मंगलवार को ब्लॉक मेजा में आयोजित किया गया। जिसमें साक्षात्कार के बाद 54 बेरोजगार युवाओं का चयन किया गया। चयनित होकर बेरोजगारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बता दें कि भोर से ही हो रही बारिश और सुबह खराब मौसम के बावजूद बेरोजगारों की भीड़ मेजा ब्लॉक में समय से पहले पहुंच गई थी। इस दौरान हलो जॉब प्लेसमेंट सर्विस नोएडा संस्था द्वारा वेल्सपन वापी गुजरात ने 5 , सानवीस आटोमोबाइल गुड़गांव ने 4, प्रेरणा ग्रुप मोबाइल नोएडा ने 24 के अलावा मदरसन वायर कंपनी भिवंडी ने 3 और हरियाणा की यजिका प्रा. लि. ने 3 और लावा इंटरनेशनल ने 15 युवाओं को रोजगार दिया। कुल 6 कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 113 बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। मौसम खराब होने के कारण दोपहर एक बजे से कार्यक्रम शुरू हुआ और 3 बजे तक चले साक्षात्कार के बाद कुल 54 अभ्यर्थियों को नौकरी के लिए चयनित किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी सुभाष सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में चयनित बेरोजगारों को 3 दिन के अंदर इनको सभी दस्तावेज के साथ बुलाया जाएगा। संचालन प्रधान संघ के जिला प्रभारी अनिल शुक्ला ने किया। इस मौके पर बीडीओ सरिता सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र, नमामि गंगे के यमुनापार प्रभारी अमरेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष दिघिया सुबालाल प्रजापति मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के दुबारा प्रदेश सचिव बने शहादतअली




**पसना।** समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठन लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर लोहिया वाहिनी के प्रदेश कमेटी की घोषणा की जिसमे प्रयागराज के कोरांव से शहादत अली को पार्टी ने भरोसा व विश्वास जताते हुए दूसरी बार प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौपी है। अपनी नियुक्ति पर शहादत अली ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और पार्टी को भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आदेश व समाजवादी पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन जन तक पहुचाना और भविष्य में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना ही हमारा लक्ष्य होगा। शहादत अली के मनोनयन पर महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद, एमएलसी मान सिंह यादव ,मेजा विधायक संदीप पटेल, जगदीश प्रसाद यादव जिलामहासचिव यमुनापार,दान बहादुर मधुर,रामदेव निडर, विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त पटेल , रविन्द्र जैसल ,पवन सिंघाल,मेहताब खान नौसाद अंसारी मो यूनुस,मो इसराइल जियाउल हक , सफात अली शाह,मो नियाज, अली अहमद रामानुज यादव यादवेंद्र अहीर दिनेश पटेल,सोनू, पुष्कर यादव कमलेश यादव, राजू शाह आदि लोगो ने बधाई दी है।

### किसान मोर्चा के ग्राम परिक्रमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**मऊआइमा।** मऊआइमा के नगर पंचायत बैरहना चौराहे पर भाजपा द्वारा परिक्रमा कार्यक्रम का आयोजन समीर उद्दीन के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सांसद केसरी देवी पटेल , विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष गंगा पार कविता पटेल , विधायक फफा मऊ गुरू प्रसाद मौर्या,जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा लक्ष्मीकांत उपाध्याय , महामंत्री किसान मोर्चा सुनील पटेल ,किसान मोर्चा उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव, जिला मंत्री धरनी धर , किसान मोर्चा जिला प्रभारी राम पलट पटेल ,मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा सलोने त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी ,राम सुंदर मिश्रा, शारदा प्रसाद शुक्ला, फैजान आलम, डॉक्टर प्रकाश पटेल, आदेश पांडे , प्रकाश त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

### कोसड़ा कला पंचायत भवन पर नेत्र परीक्षण शिविर आज



**मांडा।** सद गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट द्वारा विगत वर्षों की तरह इस साल भी 14 फरवरी को निः शुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोसड़ा कला के पंचायत भवन में आयोजित किया गया है। जिसमे आपरेशन हेतु आवश्यक दस्तावेजों में वोटर आईडी , आधार कार्ड , ड्राइविंग लाइसेंस या राशन कार्ड की छायाप्रति व मरीजों के पास घर के किसी भी सदस्य का मोबाइल नंबर आदि होना जरूरी। उक्त जानकारी कोसड़ा कला ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दरबारी लाल पटेल ने बताया कि सद गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा यह निः शुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर में मांडा क्षेत्र के अलावा अन्य विकास खण्ड के मरीज भी उक्त सेवा का लाभ ले सकते हैं। निः शुल्क आपरेशन की सुविधा नेत्र शिविर में चश्मा रियायती दर में मिलेगा और मधुमेह (सुगर) जांच की निः शुल्क सुविधा उपलब्ध है। जिसमे उक्त 14 फरवरी को पंचायत भवन पर पहुंचकर अधिक से अधिक नेत्र मरीजो से लाभ लेने के लिए अपील की है।

# भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने प्रदेश के सीएम से की मुलाकात

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने बीते सोमवार की शाम उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार पूर्वक मुलाकात कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।उक्त आशय जानकारी देते हुए योगेश शुक्ल के प्रतिनिधि एवं मीडिया प्रभारी विनय कुमार शुक्ल ने बताया कि मुख्यमंत्री जी से मुलाकात के लिए जाते समय योगेश शुक्ल यमुनापार की हृदयरेखा कही जानी वाली टौंस ( तमसा ) नदी और गंगा के संगम का जल कलश को उपहार स्वरूप ले गए थे, वही जल कलश योगेश शुक्ल ने माननीय मुख्यमंत्री को सम्पूर्ण यमुनापार के लोगों की तरफ से भेंट किया। विनय कुमार ने बताया कि योगेश शुक्ल की राजनीति हमेशा जन , जमीन , जल और जंगल के सरोकारों से जुड़ी रही है। ऐसे में उनके द्वारा टौंस और गंगा के संगम के जल को भेंट करना यमुनापार वासियों के लिए एक सुखद अनुभूति का विषय है।

### घर में घुस कर मारने पीटने पर दो नामजद तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पूर्व में चल रहे मुकदमा वापस न लेने पर घर में घुस कर युवती को मारा पीटा कर जान से मारने की धमकी दी गई। युवती ने दो को नामजद व तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय जोधराय निवासनीय चन्द्रकान्ती पुत्री कृष्ण कुमार मिश्रा का आरोप है कि कतिपय लोगों ने उसके घर में घुस कर उसे मारे पीटे और जान से मारने की धमकी देकर कहा मुकदमा वापस ले लो वरना खैर नहीं। चन्द्रकान्ता ने मऊआइमा थाने में विकास शुक्ला,विभव शुक्ला उर्फ तिवारीपुर सडिला रानीगंज प्रतापगढ़ तथा तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### अवैध कब्जा करने पर मुकदमा

**मऊआइमा।** ऊपर की जमीन पर दीवार खडी करके छान छप्पर रखने से मना करने के बावजूद न मानने पर लेखपाल ने मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवां में ऊसर की जमीन पर दीवार खडी कर छान छप्पर रखने से मना करने के बावजूद भी न मानने पर लेखपाल नमित यादव ने मऊआइमा थाने में विनोद कुमार पुत्र दीपक चन्द्र उर्फ विपन चन्द्र के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# करणी सेना के मंडल अध्यक्ष बने कमलेश प्रताप ˙ लोगों में हर्ष

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** क्षत्रिय समाज के प्रति लगन, सक्रियता, समर्पण एवं सेवा भावना तथा क्रियाशीलता को देखते हुए संगठन का विस्तारीकरण करते करणी सेवा के संस्थापक सदस्य राघवेंद्र सिंह राजू एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ सुंदरी ठाकुर के निदेर्शानुसार व उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जबर सिंह की अनुशंसा पर वि. खं. सहसों के बगई कला गांव निवासी कमलेश प्रताप सिंह को संगठन के प्रति जिम्मेदारी सौंपते हुए करणी सेना का प्रयागराज मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। उनके इस मनोनयन से सुरेश प्रताप सिंह, कृष्ण बहादुर सिंह, अरविंद सिंह, अश्विनी प्रताप सिंह, अमित सिंह, अमन सिंह राजपूत, तेज प्रताप सिंह, अजय सिंह सहित आदि क्षेत्रीय लोगों में बधाई देते हर्ष व्याप्त है।

# विदाई समारोह : अच्छे परिणाम के लिए शिक्षकों ने दिया छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद



**कौंधियारा।** मंगलवार को श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज पटेलनगर अकोढ़ा में 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ।इस अवसर पर विद्यालय में सुंदरकांड का आयोजन करके परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उपहार भेंट किए।विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा कि मिलना व बिछड़ना जीवन की शाश्वत परिभाषा है,आगामी बोर्ड परीक्षा में कड़ी मेहनत करके मेरिट में स्थान प्राप्त करें,साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के टिप्स भी दिए।परीक्षा प्रमुख राजेन्द्र प्रसाद एवं आरती मौर्य ने परीक्षार्थियों को मंगल तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी।छात्र-छात्राओं को कहा कि राष्ट्र के विकास को अपना लक्ष्य मानकर कार्य करें। सभी छात्र छात्राओं को पढ़ाई जारी रखते हुए उच्च शिक्षा ग्रहण कर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता आशीष शुक्ल ने किया।उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास,कठिन परिश्रम,स्व अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।उन्होंने छात्र छात्राओं को परीक्षा में धैर्य,लगन एवं मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।बोर्ड परीक्षाओं के लिए उनका मार्गदर्शन भी किया। विदाई के दौरान छात्र छात्राएं भावुक हो गए।इस अवसर पर सुशील सिंह,रामसुंदर शास्त्री,आर एस यादव, कृष्णकुमार दुबे,राजकुमार मिश्र,आशीष शुक्ल,अशोक कुशवाहा,गणेश शंकर शुक्ल,अमरेंद्र कुशवाहा,नागेश बिंद,अनुज प्रजापति,धीरेंद्र सिंह,इन्द्रबहादुर सिंह,सुभाष पाल,धीरेंद्र सिंह,वीना उपाध्याय,प्रतिमा सिंह,अखिलेश शुक्ल,आशुतोष,अखिलेश यादव,सीपी सिंह,सत्यम सहित विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक उपस्थित रहें।

# विधायक ने किया थानापुर में प्रवास, संपर्क कर मांगा समर्थन



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों में चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम सभा थानापुर में क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने रात्रि प्रवास कर लोगों से संपर्क करते आगामी लोक सभा चुनाव के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने दर्शन पूजन के पश्चात अयोध्या से लौटने पर कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अयोध्या में दिव्या और भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन के पश्चात आज ग्राम सभा थानापुर में लोगों के साथ जनसंपर्क किया जा रहा है। आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अगुवई में गौरवन्मित और सुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि अब की बार फिर मोदी जी के नेतृत्व में आप सभी के आशीर्वाद से पुनः फिर मोदी सरकार बनने जा रही है। इस पर ग्राम वासियों ने जय श्री राम के नारे लगाए और मोदी सरकार का जय घोष करते हुए विधायक जी को आश्वासन एवं आशीर्वाद दिया और कहा कि हम लोग पूरी मजबूती के साथ आपके साथ मिलकर के देश को मजबूत सरकार होगी। उन्होंने कहा देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए फिर मोदी सरकार को लाना अति आवश्यक है। जिससे देश का चौमुखी विकास हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी पिंटू दूबे, राम जी सिंह, अखंड प्रताप सिंह, मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला, विष्णु प्रताप सिंह, रवि सिंह, सोनू सिंह, सुमित सिंह, सुशील सिंह, बूथ अध्यक्ष राहुल सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह सहित आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष बने आशुतोष तिवारी, हर्ष के साथ हुआ स्वागत

**सहसों।** सपा द्वारा संगठनात्मक विस्तारीकरण करते हुए विधानसभा फूलपुर के रुदापुर गांव निवासी आशुतोष तिवारी को समाजवादी पार्टी के युवा फ्रंटल संगठन मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने प्रयागराज गंगापार का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके इस मनोनयन से समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं में बधाई देते हर्ष व्याप्त है। जिला अध्यक्ष बनने के बाद उनके प्रथम आगमन पर चिरौड़ा चौराहे पर सचिन शुक्ला की अगुवाई में लोगों ने माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर बृजेश पटेल, बृजेश तिवारी, दया शंकर शर्मा, समर बहादुर यादव, राम किशुन, पंकज शुक्ला, राम प्रताप पाल, त्रिभुवन सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता ने स्वागत करते उपस्थित रहे।

### अरैल संत रविदास मंदिर में भंडारे का आयोजन

**नैनी।** नैनी अरैल बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर संत रविदास मंदिर अरैल नैनी में भंडारे का आयोजन बुधवार को संगम तट आदि माधव मंदिर पर भंडारे का आयोजन बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन होगा उक्त आशा की जानकारी मंदिर महंत पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी ने दिया हैं।

# 1327 दिव्यांगों को दिव्यांगजन विभाग द्वारा वितरित हुआ उपकरण

## कृत्रिम हाथ पैर पाकर खीले दिव्यांगों के चेहरे

**अखंड भारत संदेश**


दिव्यांगों को उपकरण वितरित करते सांसद संगम लाल गुप्ता।

**प्रतापगढ़।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित योजना कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण का मेघा कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद संगम लाल गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया।

आज के वितरण में 501 ट्राई साइकिल, बैशाखी 332 जोड़ा, व्हीलचेयर 25, स्मार्ट केन नेत्रहीन छड़ी 42, एम0 आर0 कीट 14, सी0पी0 चेयर 18, कृत्रिम हाथ पैर 395, का वितरण किया गया। सांसद प्रतापगढ़ एवं राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा भाजपा संगम लाल गुप्ता ने शारीरिक रूप से अक्षम प्रयास राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़नी, मोहनगंज में दिव्यांगों के कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण समारोह में बोलते हुए कहा कि जिले के दिव्यांगों को शीघ्र ही अयोध्या का दर्शन कराएंगे। उन्होंने कहा कि आज 500 वर्षों की गुलामी की दास्तान तोड़ते हुए अवध नगरी में हमारे आराध्य देव भगवान श्री राम लला विराजमान हुये हैं और ऐसे अवसरों पर हम लोग स्वयं भी अवध क्षेत्र के निवासी होने के नाते जनपद प्रतापगढ़ के दिव्यांगों को प्राथमिकता के आधार पर अयोध्या मैं प्रभु श्री राम लाल का दर्शन अवश्य करायेंगे। उन्होंने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल समेत उपकरण वितरण करते हुए कहा कि दिव्यांग जनों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है सिर्फ उनके उत्साह वर्धन और उनको सही दिशा दिखाने की जरूरत है। यदि समय रहते सही मार्गदर्शन कर दिया जाए तो वह सामान्य जन से अधिक प्रतिभा के साथ कार्य करने का हुनर दिखाते हैं। इस संबंध में सांसद ने दिव्यांग कल्याण अधिकारी एवं दिव्यांग बंधु के सदस्य रोशन लाल उमरवैश्य को दिव्यांगों के अयोध्या दर्शन हेतु रजिस्ट्रेशन कराकर उसको सूचीबद्ध कराए जाने का अनुरोध किया। दिव्यांग बंधु के सदस्य रणजीत सिंह ने कहा कि सांसद के अथक प्रयास से इतना बड़ा कैंप आयोजित हो सका। सभी अतिथियों का आभार ज्ञापन दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजीव कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग बंधु के सदस्य रणजीत सिंह, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पांडे, प्रधानाचार्य बृजेश चैधरी, श्री नारायण सहायक अध्यापक, अमिता कुशवाहा, अनिरुद्ध नारायण तिवारी, अकबर अली, हर्ष, राकेश सरोज, प्रधान संघ के अध्यक्ष अन्नु प्रधान बढ़नी आदि उपस्थित रहे। संचालन सहायक अध्यापक श्री नारायण यादव द्वारा किया गया।

# हल्की बारिश ने मंडी समिति के विकास की खोली पोल

**अखंड भारत संदेश**

**मुंगरा बादशाहपुर।** मुंगरा बादशाहपुर के जंघई रोड पर स्थित मंडी समिति में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हल्का बारिश होने पर ही नाली का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगता है। वहां पर जलभराव भी हो जाता है। व्यापारियों तथा किसानों को कीचड़युक्त सड़क पर गुजरने से उन्हें खतरों का सामना करना पड़ता है। साफ सफाई पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जगह जगह कूड़ा करकट का अंबर लगा हुआ है, जिससे कभी भी संक्रामक बीमारी फैलने का आशंका बना हुआ है। एक तरफ सरकार साफ सफाई पर जोर दे रही है तो वहीं यहां पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसकों लेकर प्रशासन ने समय रहते हुए ध्यान नहीं दिया तो कभी भी किसानों व व्यापारियों का गुस्सा फूट सकता है। किसान यूनियन के नेताओं में राजनाथ यादव, बाबू राम पटेल, धर्मराज, राज कुमार, रामसूरत पटेल, सुभाष चन्द्र पटेल, सालिक राम पटेल, रामनाथ यादव आदि ने इस समस्या से निजात दिलवाने के लिए जिला प्रशासन से मांग की है। इस संबंध में मंडी समिति सचिव सुजीत उपाध्याय ने बताया कि दिखवा लिया जा रहा है।

## बूथों पर डटी रहेंगी महिला कार्यकर्ता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सदर विधान सभा में अपना दल एस की पूर्वी जोन की बैठक जोन अध्यक्ष पंकज वर्मा की अध्यक्षता में बराछा में संपन्न हुई। बैठक में सेक्टर और बूथ स्तर पर किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। महिला मंच जिला अध्यक्ष संगीता पटेल ने कहा कि हमें बूथ, सेक्टर और जोन स्तर पर भी पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी सहभागिता देना है। महिलाओं को जागरुक कर के उन्हें पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है। इस मौके पर अनारकली जिला उपाध्यक्ष महिला मंच, रमेश गौड़ सेक्टर अध्यक्ष, उमेश चंद्र वर्मा सेक्टर उपाध्यक्ष, बादल पटेल सेक्टर अध्यक्ष, सीता देवी सदस्य, किरण पटेल सदस्य, मीडिया प्रभारी अरविंद मौर्य उपस्थित रहे।

# चोरी व लूट की घटना को लेकर ब्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल थाना प्रभारी से मिला

## 15 दिनों के अंदर हुई बड़ी चोरी व लूट की घटना को लेकर

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र मे विगत 15 दिनों के अंदर हुई दो बड़ी व छोटी चोरी व लूट की घटना से ब्यापारियों मे दहशत पैदा हो गई। आक्रोशित ब्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को नवाबगंज थाने पहुंचा जंहा सी ओ कुंडा अजीत प्रताप सिंह लूट की घटना को लेकर थाने मे मौजूद रहे ब्यापारियों ने सी ओ कुंडा व थाना प्रभारी धीरेन्द्र सिंह से मुलाकात कर ताबड़तोड़ घटनाओ पर चिंता जताई जिसका जल्द से जल्द खुलासा करने का अनुरोध किया जिस पर थाना प्रभारी ने ब्यापारियों को आश्वसन दिया कि हम प्रयास मे लगे हुए है थोड़ा ब्यापारी भी पुलिस को सहयोग करे अपनी दुकानों पर सी सी टी वी कैमरा लगवाये ताकि घटना को अंजाम देने वाले आरोपी जल्द गिरफ्त मे आ जाए।

थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ लोगो को पकड़ कर उनसे पूछताछ कर रहे है। यदि आप लोगो को किसी पर शंका हो तो आप लोग बताये नाम गुप्त रखा जायेगा सी सी टी वी फुटेज से परियावां तक की लोकेशन मिल रही है आगे की नही मिल रही है फुटेज को कौशाम्बी भी भेजा गया है चोरी व लूट की घटना से मुझे रात भर नींद नही आ रही है खुलासा के प्रयास मे लगे हुए है। थाना प्रभारी के आश्वासन देने के बाद सभी ब्यापारी वापस चले गये व्यापारियों में मुख्य रूप से आकाश अग्रहरि उर्फ. फ्रैंकी, वीरेंद्र यादव, अनिल अग्रहरी, संतोष अग्रहरी, विजय अग्रहरी, अरुण अग्रहरी, रिंकू अग्रहरी, सुनील सोनी, सुशील सोनी, रज्जब अली, गिरिजाशंकर अग्रहरी, बाबूलाल पाल आदि लोग रहे।

## शादी का झांसा देकर नौ वर्षो से युवती के साथ करता रहा दुष्कर्म, केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शादी का झांसा देकर कई वर्षो से युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के इलाके के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बाघराय थाना के मण्डल भासो निवासी प्रदीप सरोज पुत्र राजेश सरोज से मोबाइल फोन के माध्यम से उसका सम्पर्क हुआ। आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी उसके साथ करीब नौ वर्ष से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देता रहा। पीड़िता के शादी के लिए दबाव बनाने पर आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। इसकी शिकायत उसके परिवार के लोगों से करने पर आरोपी के परिजनों ने जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि मामले में तहरीर के आधार पर दुष्कर्म व जानलेवा धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# न्याय से वंचित लोगों को हक दिलाने में कांग्रेस मजबूती से उठाती रहेगी आवाजः प्रमोद तिवारी

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कार्यकताओं में प्रमोद तिवारी ने भरा जोश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि लोगों के अधिकार तथा जरूरतमंद को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस राहुल गांधी की अगुवाई में मजबूत आवाज उठाती रहेगी। उन्होनें कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो की यह न्याय यात्रा गरीबी के खिलाफ संघर्ष की सफल राष्ट्रीय यात्रा के रूप में इतिहास रचेगी।


लालगंज कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं को संबोधित करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

मंगलवार को यहां क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कार्यकताओं की तैयारी बैठक में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार के कुप्रबंधन तथा जनविरोधी नीतियों के कारण गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर कर रहे करोड़ो लोग अधिकार से वंचित हैं। उन्होने कार्यकताओं को बताया कि आगामी उन्नींस फरवरी को लालगंज में राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा सुबह पहुंचेगी। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लोगों से इंदिरा चैक पर होने वाली राहुल गांधी की जनसभा को रामपुर खास के एक और कीर्तिमान बनाने को लेकर सफल बनाने के टिप्स भी दिये। प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा की सह संयोजक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी कार्यकताओं को वर्चुअल संबोधित करते हुए यात्रा की सफलता को लेकर जमकर हौंसला आफजाई की। वहीं विधायक पुत्र राघव मिश्र के संबोधन को सुनकर बड़ी संख्या में बैठक में मौजूद युवाओं का उत्साह भी जोश से भर उठा दिखा। इसके पहले राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सांगीपुर में भी कार्यकताओं के साथ बैठक कर यात्रा की रूपरेखा पर विचारविमर्श किया। सांगीपुर एवं लालगंज में हुई कार्यकताओं की बैठक में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का गर्मजोशी से स्वागत भी हुआ दिखा। बैठक को ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, डा. राजकुमार पाण्डेय, जावेद खान, आचार्य विन्देश्वरी पटेल, रामलखन जायसवाल, उदयशंकर दुबे, शत्रुघ्न शुक्ला, आरपी वर्मा, अमरावती ने भी संबोधित करते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर संकल्प जताया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र तथा संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। संयोजन प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी तथा स्वागत भाषण आशीष उपाध्याय व आभार प्रदर्शन सांगीपुर ब्लाक अध्यक्ष दृगपाल यादव ने किया। इस मौके पर भागवतभूषण पं. विनय शुक्ल, छोटे लाल सरोज, सभासद पन्ने लाल पाल, हरिश्चंद्र पाण्डेय, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ला, मुरलीधर तिवारी, महमूद आलम, हृदय नारायण मिश्र, दयाराम वर्मा आदि रहे।

# सांसद महिला खेल स्पर्धा को उत्सव की तरह मनाया जाएः सांसद

## 23 से 25 फरवरी तक सांसद महिला खेल स्पर्धा का होगा आयोजन

**अखंड भारत संदेश**


सांसद महिला खेल स्पर्धा सम्बन्धी बैठक में मौजूद सांसद व डीएम।

**प्रतापगढ़।** सांसद महिला खेल स्पर्धा का आयोजन 23 फरवरी से 25 फरवरी तक जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रांगण में किया जायेगा, इस सम्बन्ध में कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा भाजपा संगम लाल गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन के क्रम में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी ओपन सांसद महिला प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जायेगा।

उन्होने बताया है कि प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़, कुश्ती, वालीबॉल, कबड्डी, लम्बी कूद का आयोजन किया गया है। उन्होने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारम्भ 23 फरवरी को दोपहर 12 बजे से किया जायेगा तथा तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 25 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे से समारोह की बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री बाल विकास एवं महिला कल्याण स्मृति ईरानी द्वारा किया जायेगा। उन्होने कहा कि खेल स्पर्धा को उत्सव की तरह मनाया जाये, अधिक से अधिक महिला खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाये।इस अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने प्रतियोगिता के लिये खिलाड़ियों के पंजीकरण हेतु व्यापक पैमाने पर अभियान चलाकर अधिकतम महिला खिलाड़ियों को सम्मिलित कराने हेतु युवा कल्याण अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुये जिला क्रीड़ाधिकारी को पंजीकृत टीमों को व्यवस्थित प्रतिस्पर्धा हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। समस्त ब्लाकों की टीम बनायी जाये, सांसद खेल स्पर्धा का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जायेगा

जिससे ग्रामीण अंचल के प्रतिभागी खेल स्पर्धा में जुड़ सके। उन्होने कहा कि समस्त ब्लाकों में टीम को तैयार किया जाये, सांसद खेल स्पर्धा का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जायेगा जिससे ग्रामीण अंचल के प्रतिभागी खेल स्पर्धा में जुड़ सके। उन्होने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को स्टेडियम परिसर की अभियान चलाकर साफ-सफाई और क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान स्वच्छ पेयजल हेतु पानी के टैंकरों की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने खेल प्रतियोगिता के दौरान बेसिक शिक्षा और माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा के सभी खेल अनुदेशकों और क्रीड़ाध्यापकों की भी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश के साथ ही महिला खिलाड़ियों के सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज सहित विवेक उपाध्याय, अभिषेक पाण्डेय, व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, आदित्य मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन पुरातन तहसील सदर के विवेक दत्त पाली बने अध्यक्ष


अध्यक्ष विवेकदत्त पाली का स्वागत करते साथीगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बार एसोसिएशन (पुरातन) सदर तहसील के चुनाव में कुल 439 मत पड़े जिसमें अध्यक्ष पद उम्मीदवार विवेक दत्त पाली को 371 मत मिले। वहीं राजेश कुमार को 50 मत मिले। 18 मत अवैध घोषित किया गया। इस प्रकार विवेक दत्त पाली अध्यक्ष पद के लिये विजयी घोषित किये गये। महामंत्री अजय सिंह सोनू निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। यह जानकारी चुनाव अधिकारी मान सिंह एडवोकेट ने दी। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष आशुतोष सिंह, मान सिंह, राजेश मिश्रा, मुक्तेश्वरनाथ ओझा, आशीष सिंह, धीरेन्द्र, प्रशांत, बंटी, अमित सिंह चंचल, राहुल सिंह, परवेज अजमल, राममूर्ति, पवन तिवारी, सीमा सिंह, नीरज मिश्र, अंसार अहमद, अवनीश चंद्र शुक्ल, दुर्गेश सिंह, संतोष सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# गांधी शिक्षण संस्थान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया वार्षिक उत्सव

## बच्चों ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**


विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में मौजूद छात्राएं।

**प्रतापगढ़।** कटरा मेदनीगंज स्थित गांधी शिक्षण संस्थान में विद्यालय का वार्षिक उत्सव और विदाई समारोह बड़े ही धूमधाम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर विशिष्ट अतिथि जिले के अपर जिला जज नीरज कुमार बरनवाल व बतौर मुख्य अतिथि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. यूसुफ अंसारी ने फीता काटकर किया।

इस दौरान विद्यालय प्रबंधक जावेद जिया अंसारी, प्रबंधिका नसरीन बानो व प्रधानाचार्य श्रवण कुमार श्रीवास्तव ने माल्यार्पण व अंगवस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अहसन अंसारी, दीपेश जैन, अफ्फान अंसारी, आस्था वर्मा, खुशी शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में अपर जिला जज नीरज कुमार बरनवाल, बाल विकास प्राधिकरण के अधिकारी राम प्रकाश पांडे, जिला महिला अस्पताल की वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ. राबिया व अन्य अतिथियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बतौर अतिथि सरोजिनी इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ राजेश भट्ट, कटरा नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय गुप्ता ननके, पूर्व चेयरमैन सिराजुल हक, सरोजिनी मोंटेसरी के प्रबंधक योगेश भट्ट, राम किशोर, हबीबुर्रहमान, सिटी नगर पंचायत अध्यक्ष जकी खान, जुनैद अहमद, मोहम्मद सादान, अख्तर अली, आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में शिक्षक अमन सिंह, रितु शुक्ला, संतोष श्रीवास्तव, मंगेश, रेहान अहमद, रवि प्रकाश, निखिल सिंह, अजय त्रिपाठी, अभय मिश्रा,, नीलम सरोज, इकरा, आरधना मिश्रा, शमा, जीनत, तबस्सुम, फारेहा, रजिया आदि लोग मौजूद रहे।

# सीएचसी व पीएचसी में नहीं है अल्ट्रासाउंड की सुविधा,हो रही परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**मुंगरा बादशाहपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर में गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए दोनों अस्पताल में कोई सुविधा नहीं है, जिसका प्रतिफल रहा कि पीड़ित महिलाओं को जिला मुख्यालय या तो प्राइवेट अस्पतालों में चक्कर लगाना पड़ता है। सीएचसी सतहरिया व पीएचसी मुंगरा में सरकार की ओर से गर्भवती महिलाओं के इलाज व उनके प्रसव कराने के लिए प्रसव कक्ष बनाया गया है। यहां पर प्रतिदिन महिला मरीजों की भारी भीड़ रहती है। सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं को होती है। इन केन्द्रों पर अल्ट्रासाउंड मशीन न होने से गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाता है, जिससे उन्हें अनेक परेशानी उठानी पड़ती है। चिकित्सक गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर देते हैं। वहीं तमाम महिलाओं को प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर अधिक रकम खर्च करनी पड़ती है। गर्भवती महिलाओं में राज कुमारी पटेल, विमला देवी बिंद, चांदनी, भाग्यलक्ष्मी, कविता यादव, सुनीता पटेल, रागिनी प्रजापति, कमला देवी, अंजनी यादव ने बताया कि सीएचसी व पीएचसी में सुविधा न होने के कारण उन्हें बाहर के पैथालॉजी पर जाकर अल्ट्रासाउंड कराना पड़ा। एडवोकेट मंजीत कौर, शिक्षिका सुमन जायसवाल, समाजसेविका आरती पाण्डेय ने जिला प्रशासन से इस संवेदनशील समस्या से निजात दिलवाने की मांग की है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि सीएचसी व पीएचसी में अल्ट्रासाउंड की समस्या को लेकर जिले के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

# हादीहाल में रामभक्ति से राष्ट्रभक्ति विषय पर हुई संगोष्ठी

## आरएसएस के बौद्धिक शिक्षक विभाग द्वारा हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि।

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बौद्धिक शिक्षण विभाग द्वारा तुलसी सदन में रामभक्ति से राष्ट्रभक्ति विषय पर संगोष्ठी सम्पन्न हुई। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रान्त के प्रान्त प्रचारक रमेश रहे। प्रांत प्रचारक रमेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम भारत राष्ट्र की आत्मा है। राम भारतीय सांस्कृतिक चेतना के आधार स्तम्भ है। वह समस्त आदर्शों एवं मूल्यों के आधार हैं। आरंभ में विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ सौरभ पाडेय ने विषय प्रवर्तन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रंगनाथ शुक्ल ने किया। कार्यक्रम के पूर्व श्री राम और राष्ट्र विषयक एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी संस्कार भारती प्रतापगढ़ द्वारा अध्यक्ष शिशिर खरे के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में दीप प्रज्वलन, स्वस्ति वाचन के साथ ही प्रांत प्रचारक रमेश, जिला संघचालक चिंतामणि, गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रबंधक सरदार मंजीत सिंह और ज्योतिषाचार्य आलोक मिश्र को अंगवस्त्रम, भगवान श्री राम का चित्र देकर अभिनंदन किया गया, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को प्रान्त प्रचारक रमेश ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक प्रवेश, जिला संघचालक चिन्तामणि, सांसद संगमलाल गुप्त, जिलाध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव, हरिओम मिश्र, ओम प्रकाश त्रिपाठी, शिवाकान्त ओझा, अनिल प्रताप सिंह, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, शिव शंकर सिंह, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, नगर प्रचारक आलोक, शिवानी मातनहेलिया, रमेश पटेल, नीतेश खण्डेलवाल, दिनेश अग्रहरि, संजीव आहूजा, रतन जैन, शरद केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

# मोदी की कूटनीति से धमाकेदार जीत संभव



-ललित गर्ग -

2024 के आम चुनावों का रण सज चुका है, कुछ ही हफ्ते बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी एवं सभी विपक्षी दलों ने भी कमर कस ली है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर बैठकों, मुलाकातों एवं चुनावी गणित को फीट करने का दौर चल रहा है, एक तरफ भाजपा 2 हफ्ते बाद उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी करने की तैयारी कर रही है, वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन मकर संक्रांति के बाद सीट शेयरिंग का फॉमूर्ला फाइनल करने वाला है, लेकिन भाजपा ने स्वयं 370 एवं उसके गठबंधन का 400 का लक्ष्य लेकर ही चल रही है। हाल ही में एक मीडिया हाउस के सर्वे के अनुसार भाजपा को भले ही 2019 की तुलना में केवल एक सीट का फायदा हो रहा है, भले नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है लेकिन उनके गठबंधन को करीब 17 सीटों का नुकसान होता हुआ दिखाई दे रहा है। हो सकता है अन्य माध्यमों से भी ऐसी ही सूचनाएं भाजपा को मिल रही हो, इसलिये उसने 400 के लक्ष्य को हासिल करने का ठाना है। भाजपा एवं मोदी की चुनावी रणनीतियों एवं विश्वास से ऐसा लग रहा है कि एक बार फिर धमाकेदार जीत दर्ज कर अपनी हैट्रिक पूरी करेगी। इस जीत के बाद भारत में बड़े बदलाव एवं क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिलेंगे। राजनीति, प्रशासनिक, लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में आमूल-चूल परिवर्तन हो तो कोई आश्चर्य नहीं है।

नरेन्द्र मोदी, उनके राजनीतिक सलाहकार एवं भाजपा सम्भवतः इस मोड पर पहुंच गए हैं कि चुनाव जीतने के लिए उन्हें जितने तरह का रणनीतिक प्रबंधन करने जरूरी थे, वे सफलतापूर्वक किये जा चुके हैं या जल्द ही कामयाबी से कर लिये जाएंगे। जितनी कमजोर कड़ियां थीं, उनकी मरम्मत कर ली गई है। जिन राज्यों में खराब दृश्य दिख रहे हैं, वहां भाजपा पूरी ताकत से लगी है। भाजपा ने 164 ऐसी सीटों की दो कैटेगरी तैयार कर ली है जहां 45 मंत्रियों को जी-जान से जुटने को कहा गया है, भाजपा कमजोर सीटों पर सबसे ज्यादा जोर लगा रही है क्योंकि 2019 के चुनाव में भाजपा की 48 ऐसी सीटें थीं जहां जीत का अंतर 2 प्रतिशत से भी कम था, इन सीटों पर विपक्षी गठबंधन अगर एक उम्मीदवार उतार देता है तो भाजपा के लिए बड़ी चुनौती हो सकती है। ऐसी ही खतरे वाली सीटों के लिये भाजपा की तीक्ष्ण एवं प्रभावी रणनीतियां बन रही है। ऐसी ही रणनीतियां से समूचे राष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्यों को बदलने एवं अपने पक्ष में करने के लिये भाजपा जुटी है। इसके लिये प्रभावी एवं दूरगामी राजनीतिक से जुड़े बड़े फैसले लिये जा रहे हैं। नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा जा रहा है। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वही पांच राजनीतिक रत्नों को भारत रत्न सर्वोच्च पुरस्कार की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल दिखाया गया है।



जब इतना बढ़िया, कौशलपूर्ण और प्रभावी राजनीतिक प्रबंधन हो चुका हो तो चार सौ का लक्ष्य हासिल करना भाजपा के लिये असंभव प्रतीत नहीं होता। वैसे प्रधानमंत्री के रूप में देश की जनता नरेन्द्र मोदी को ही सर्वाधिक पसन्द कर रही है, एक अनुशासित एवं राष्ट्रीय मूल्यों से प्रेरित पार्टी के रूप में भाजपा कायम है। मोदी का राजनीतिक कौशल ही है कि आम तौर से सरकारें चुनाव से पहले अपना खजाना खोलती हैं, लेकिन मोदी बिना खजाना खोले एवं लोकलुभावना घोषणाओं के चुनावी वैतरणी को सफलतापूर्वक पार करने की रणनीति बना रही है। मोदी जानते हैं कि लोकलुभावन योजनाएं या लाभार्थियों का संसार अपने आप वोटों में नहीं बदलता। उसके तीन स्तरों पर काम करना होता है। राज्यों के स्तर पर जहां अपनी स्थिति लगातार मजबूत करना जरूरी होता है, नेताओं के स्तर पर जो विभिन्न समुदायों की नुमाइंदगी करते हैं और समुदायों के स्तर पर जिन्हें लगातार पार्टी के साथ जोड़ने का अभियान चलाना पड़ता है। एक और स्तर इस बार के चुनावी गणित को प्रभावित करती हुई प्रतीत हो रही है, वह है मोदी का राजनीतिक कौशल एवं देश-विकास का उनका संकल्प। निश्चित ही मोदी भारतीय राजनीति में विश्वास और विकास के नायक हैं तो वैश्विक पटल पर महानायक बनकर देश और दुनिया को दिशा दिखा रहे हैं। कतर की जेल में बंद आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों की रिहाई और उनमें से सात का स्वदेश आ जाना एक ऐसी शुभ सूचना है, जिससे पूरे देश ने चैन की सांस ली है। इन भारतीयों की सकुशल रिहाई भारत की एक शानदार कूटनीतिक जीत है। यदि इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया जा रहा है तो स्वाभाविक ही है, क्योंकि उन्होंने कुछ समय पहले दुबई में कतर के शासक से मुलाकात की थी। मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है। यही कारण है कि उनकी छत्रछाया में भारत में राष्ट्रवाद का रंग गहरा हुआ है और भारत विश्वगुरु बनने की राह पर चल पड़ा है। आगामी लोकसभा चुनाव विशेष होंगे। इन चुनावों में विपक्षी दल कुछ अनूठा एवं विशेष कर पायेंगे, ऐसी संभावनाएं हर दिन कमजोर ही होती जा रही है। राहुल गांधी की यात्रा भी कोई प्रभाव स्थापित नहीं कर पा रही है, बल्कि कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन से विभिन्न दल दूरी बना रहे हैं। यह चुनाव पहले ही उनकी असफलता की घोषणा है। इधर मोदी के प्रति लोगों का आकर्षण कायम है। इसका बड़ा कारण मोदी की राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय छवि कायम रहना है। मोदी ने अनेक चमत्कार घटित किये हैं, जिसका अहसास देश की जनता को है। यूक्रेन युद्ध के समय वहां फंसे भारतीयों को वापस लाना हो या कोरोना के दौरान दुनिया भर में टीका भेजना, ये सभी नरेंद्र मोदी की वैश्विक सोच का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी के इस विश्वास एवं दृढ़ता की अनेक वजहें है। एक बड़ी वजह हाल ही में साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने शानदार जीत दर्ज करना भी है। विशेषकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिणाम तो कल्पना से भी बाहर था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक एवं चमत्कारी जीत की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि प्रधानमंत्री के कार्यकाल की अनेक सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां हैं, जिनमें चांद एवं सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहीम चल रही है, राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर किया जा रहा है। भारत में जी-20 देशों महासम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न होना भी एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ था भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। भाजपा इसलिए भी आशान्वित है, क्योंकि जिस विपक्षी एकता की बात 2023 के मध्य से चल रही थी, उसमें दरारे पड़ती ही जा रही है। तमाम विपक्षी पार्टियां अपने-अपने ढंग से चुनाव लड़ने को तैयार हैं और कांग्रेस से उनकी खींचतान चल रही है। फिर, जहां-जहां भाजपा के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं, वहां पार्टी ने अपने अनवरत प्रयासों से खुद को मजबूत बना लिया है। दूसरी ओर कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के पास भाजपा एवं मोदी विरोध का कोई सशक्त धरातल एवं मुद्दें नहीं है। कांग्रेस का हर दिन कई विरोधाभासों के बीच बीत रहा है। कांग्रेस की उल्टी गिनतियां चल रही हैं। उसकी उल्टी गिनती तो लम्बी चलेगी। पर जनता के दिमाग में एक बात गहरे तक बैठी हुई है कि मोदी के नेतृत्व में सब कुछ बदल जाएगा, भारत सशक्त हो जायेगा, सब कुछ अच्छा हो जाएगा एवं सब कुछ श्रेष्ठ हो जाएगा। जनता की यही सोच आम चुनाव की तस्वीर को स्पष्ट करते हुए भाजपा को ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर कर रही है। प्रेषकः

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

## संपादक की कलम से

## बिहार एपीसोड : किस सियासत का संकेत है

हाल ही में इंडिया गठबन्धन का साथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की मदद से अपनी सरकार बनाकर रिकार्ड नौवीं बार मुख्यमंत्री बनने वाले नीतीश कुमार (जनता दल यूनाइटेड) ने सोमवार को बिहार विधानसभा में विपक्ष के बॉयकॉट के बीच विश्वास मत तो हासिल कर लिया, लेकिन यह एपीसोड अनेक सवाल छोड़ गया है। बेहद निर्लज्जता से दलबदल के बावजूद समर्थन हासिल कर लेना भारतीय राजनीति के उस चेहरे को उजागर करता है जिसमें एकदम विपरीत विचारधारा के दलों के साथ अपवित्र गठजोड़ कर सत्ता बनाई और बचाई जाती है। यह सियासी माहौल दुर्भाग्यपूर्ण तो कहा जा सकता है पर वहीं दूसरी तरफ जिस प्रकार से राष्ट्रीय जनता दल के नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ कांग्रेस एवं सीपीआई (एमएल) के सदस्य एकजुट रहे उससे यह भी स्पष्ट है कि बिहार में एक मजबूत विपक्ष जनता के पक्ष में लड़ने के लिये तैयार खड़ा है। इस गठबन्धन ने वह लामबन्दी भी तय कर दी है जिसके आधार पर लोकसभा का चुनाव लड़ा जायेगा, कि कौन किस पक्ष में खड़ा है।

उल्लेखनीय है कि 90 के दशक में पहले समता पार्टी और फिर जेडीयू के रूप में नीतीश बाबू का भाजपा के साथ किया गठबन्धन कई मौकों पर बनता व टूटता रहा।

अंतिम बार उनका राजद से मेल हुआ जिन्होंने मिलकर 17 माह तक सरकार चलाई। गुपचुप तरीके से एक बार फिर इस साल की 28 जनवरी को उन्होंने अपनी सरकार का इस्तीफा दिया व उसी शाम नवीं मर्तबा शपथ ले ली। उन्हें फिर से भाजपा ने समर्थन देना मंजूर किया जिसे गरियाते हुए वे डेढ़ वर्ष पहले ही अलग हुए थे। झारखंड में जहां सीएम हेमंत सोरेन (झारखंड मुक्ति मोर्चा) की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के कारण उनकी जगह पर आये चंपाई सोरेन को बहुमत साबित करने के लिये केवल तीन दिन दिये गये, वहीं नीतीश कुमार को 15 दिन मिले क्योंकि सहयोगी भाजपा जो है। विश्वास मत पाने में कोई दिक्कत न हो इसके लिये पहले अविश्वास प्रस्ताव लाकर विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी (राजद) को हटाया गया। कार्यवाही का संचालन महेश्वर हजारा (जेडीयू) ने किया।

इसके पहले प्रस्ताव के खिलाफ बोलते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपने जबरदस्त भाषण में नीतीश कुमार, जीतनराम मांझी, सम्राट चौधरी आदि के एक दूसरे के बारे में विचारों को जिस तरह से बेपर्दा किया उससे उन्हें एवं उनकी पार्टियों को सदन में अच्छी-खासी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। यह संदेश जनता तक साफ गया है जिसके बीच तेजस्वी यादव ने जाने की बात की। तेजस्वी यादव ने कहा है कि जिस मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से नीतीश ने इंडिया गठबन्धन बनाया था, उनकी पार्टी (आरजेडी) व सहयोगी दल (कांग्रेस, सीपीआई-एमएल) उस दिशा में बढ़ते हुए न केवल केन्द्र से बल्कि बिहार से भी भाजपा को उखाड़ फेंकेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उनकी पार्टी (जेडीयू) और भाजपा साथ मिलकर वर्ष 2005 से काम कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि पहले जब लालूप्रसाद यादव सीएम थे, तब प्रदेश में अराजकता थी, हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे और कोई भी रात को घर से निकलता नहीं था। उन्होंने तेजस्वी यादव द्वारा हर काम का श्रेय लेने का विरोध किया। नीतीश कुमार ने कहा कि वे तो प्रतिपक्ष के लोगों को एकजुट कर रहे थे, परन्तु जब विरोधी दल खुद ही एकत्र नहीं हो रहे थे तो उन्होंने भाजपा-एनडीए के साथ जाना उचित समझा। उन्होंने कहा कि सरकार के रूप में वे सभी तबकों व वर्गों के काम करते रहेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि अब वे भाजपा के साथ ही रहेंगे और कहीं नहीं जाएंगे।

वैसे तो नीतीश कुमार के लिये कुर्सी के लिये बार-बार पाला बदला है परन्तु उनका अच्छा प्रदर्शन, चुनावी तथा सदन के भीतर, राजद के साथ गठबन्धन होने पर ही दिखा है। इस बार भी उनकी सरकार ने बड़े पैमाने पर नौकरियां देने के कारण लोकप्रियता हासिल की थी। साथ ही वे सामाजिक न्याय की दिशा में जातिगत जनगणना की बात मुखर होकर उठाते रहे हैं जिसका समर्थन अनेक गैर भाजपायी दल भी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जिस इंडिया गठबन्धन के मुख्य निमार्ताओं के तौर पर नीतीश कुमार को देखा जाता है, उसका भी यह प्रमुख एजेंडा है।

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी इसे जोर-शोर से उठा रहे हैं। इसे भाजपा-एनडीए के ध्रुवीकरण की काट के रूप में देखा जाता है। फिर, ऐसे वक्त में जब संयुक्त प्रतिपक्ष की कोई चर्चा भी नहीं कर रहा था, तब नीतीश कुमार ही आगे बढ़े थे। पटना में उनकी पहल पर इंडिया गठबन्धन की जून, 2023 को पहली बैठक बुलाई गई थी जिसमें 16 दल शामिल हुए थे। इसके बाद यह कारवां बढ़ता चला गया। उनकी मेहनत से बेंगलुरु (जुलाई, 2023) एवं मुंबई (अगस्त-सितम्बर, 2023) और आखिरकार पिछले साल के अंत में दिल्ली में इसकी बैठकें हुईं। 28 दलों को मिलाकर बने इस महागठबन्धन को उनके छोड़ जाने का कारण यह माना जाता है कि वे इंडिया के संयोजक व प्रधानमंत्री का चेहरा बनना चाहते थे। हालांकि वे कहते रहे कि उनकी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है और वे सिर्फ भाजपा को सत्ता से हटाना चाहते हैं।

नीतीश कुमार की जेडीयू जैसे घटक दल के साथ छोड़ने और कुछ अन्य पार्टियों को लेकर भी इसी तरह के शक-ओ-शुबहों के बावजूद इंडिया का आकार एवं ताकत इतनी बढ़ चुकी है कि वह भाजपा व उसके नेतृत्व में बने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबन्धन (एनडीए) को लोकसभा चुनाव में चुनौती व टक्कर देने में सक्षम दिखता है। तो भी, बिहार की परिघटना अनैतिक गठबन्धनों का अस्तित्व रहने और उसके सदनों में विश्वास जीतने की तस्दीक करता है, जो बतलाता है कि भारतीय लोकतंत्र की मूल्यगत व नीतिपरक लड़ाई को बहुत आगे ले जाने की आवश्यकता है।

## कठोर कानून बनाने में विधायिका की मंशा को बनाया आधार

– के रवीन्द्रन

लंबे समय तक हिरासत का सामना करने वाले इन व्यक्तियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हाशिए पर रहने वाले समुदायों और धार्मिक अल्पसंख्यकों से है। जमानत हासिल करने में असमर्थता न केवल उन्हें स्वतंत्रता के उनके मौलिक अधिकार से वंचित करती है बल्कि प्रणालीगत असमानताओं को भी कायम रखती है। यह समझना आवश्यक है कि ऐसे कानूनी निर्णयों का उन लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है जो पहले से ही समाज में हाशिये पर हैं। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत देने के मामले में सामान्य मानदंड के विपरीत एक फैसला सुनाया है, जिसमें कहा गया है कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपी सामान्यतः जमानत पाने के हकदार नहीं हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि यूएपीए के आरोपियों को केवल असाधारण मामलों में ही छूट दी जानी चाहिए। न्यायालय ने आगे कहा कि मामले की सुनवाई में देरी जमानत देने का कोई आधार नहीं है ध्यान रहे कि सामान्य दंडात्मक अपराधों के मामले में न्यायशास्त्र में पारंपरिक विचार यह है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद। इसलिए अदालतों के विवेक को अक्सर इस उद्धृत वाक्यांश के पक्ष में झुकना चाहिए, जब तक कि जमानत न देने के लिए विशेष समुचित परिस्थितियां हों परन्तु यूएपीए के तहत मामलों में आरोपियों के जमानत आवेदनों से निपटने के दौरान इस विचार के लिए कोई जगह नहीं है, न्यायाधीश एमएम सुंदरेश और न्यायाधीश अरविंद कुमार की पीठ ने कहा।

मामला खालिस्तानी आतंकी आंदोलन को बढ़ावा देने के आरोपी एक व्यक्ति की जमानत याचिका से संबंधित है। लेकिन यह नियम स्थापित करते हुए कि यूएपीए के तहत जमानत को अनिवार्य रूप से खारिज कर दिया जाना चाहिए, अदालत ने अधिनियम के तहत जमानत आवेदनों से निपटने के दौरान लागू होने वाले दो-आयामी परीक्षण की व्यवस्था की। इनमें यह भी शामिल है कि जमानत खारिज करने का परीक्षण संतोषजनक है या नहीं। इस संदर्भ में, अदालत ने यूएपीए की विशेष धारा का विश्लेषण किया, जो सीआरपीसी के तहत निर्धारित अपराधों के अलावा, अधिनियम के अध्याय 4 और 6 के तहत अपराधों के आरोपी व्यक्ति को जमानत देने पर प्रतिबंध लगाता है।



सर्वोच्च न्यायालय का यह कठोर निर्णय यूएपीए जैसे कानून को बनाते समय विधायिका की मंशा पर अपने तर्क को आधारित करता है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना है। अदालत ने कहा कि यूएपीए लागू करते समय विधायिका का इरादा जेल को नियम और जमानत को अपवाद बनाना था। इसमें कहा गया है कि यूएपीए के तहत जमानत देने की सामान्य शक्तिका प्रयोग दायरे में गंभीर रूप से प्रतिबंधात्मक है, तथा अदालतों को रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री के आधार पर रिहाई के मामले में मजबूत संदेह की तुलना में केवल प्रथम दृष्टया संतुष्टि पर पहुंचने की आवश्यकता होती है।

यह फैसला, हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से है, उन हजारों विचाराधीन कैदियों के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करता है जो जमानत हासिल करने में असमर्थता के कारण जेलों में बंद हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इनमें से बड़ी संख्या में लोग कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यकों से संबंधित हैं, जो पहले से ही गंभीर स्थिति में अन्याय की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हैं। आतंकवाद और गैरकानूनी गतिविधियों से निपटने के लिए अधिनियमित यूएपीए की अक्सर इसके कड़े प्रावधानों के लिए आलोचना की गई है, जिसके कारण बिना मुकदमे के लंबे समय तक हिरासत में रखा जा सकता है। हालिया फैसला, जो यूएपीए मामलों में जमानत के दायरे को सीमित करता है, भारतीय जेलों में विचाराधीन कैदियों की पहले से ही चिंताजनक स्थिति को और खराब करने की क्षमता रखता है।

लंबे समय तक हिरासत का सामना करने वाले इन व्यक्तियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हाशिए पर रहने वाले समुदायों और धार्मिक अल्पसंख्यकों से है। जमानत हासिल करने में असमर्थता न केवल उन्हें स्वतंत्रता के उनके मौलिक अधिकार से वंचित करती है बल्कि प्रणालीगत असमानताओं को भी कायम रखती है। यह समझना आवश्यक है कि ऐसे कानूनी निर्णयों का उन लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है जो पहले से ही समाज में हाशिये पर हैं।

इन विचाराधीन कैदियों की दुर्दशा कानूनी और न्यायिक प्रणाली में व्यापक बदलाव की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, कानूनी सहायता उन लोगों को आसानी से उपलब्ध कराई जानी चाहिए जो इसे वहन नहीं कर सकते। सक्षम कानूनी प्रतिनिधित्व तक पहुंच एक मौलिक अधिकार है और एक निष्पक्ष और उचित कानूनी प्रणाली की आधारशिला है। सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना, सभी के लिए कानूनी सहायता सुनिश्चित करके, हम न्याय प्रणाली में वर्तमान में मौजूद असमानताओं को कम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, जमानत हासिल करने का वित्तीय बोझ अक्सर कई विचाराधीन कैदियों के लिए एक बड़ी बाधा बन जाता है। राज्य को उन लोगों के लिए वित्तीय सहायता की एक मजबूत प्रणाली लागू करके इस मुद्दे के समाधान के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए जो खुद को कानूनी चक्रव्यूह में फंसा हुआ पाते हैं। एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समाज को किसी व्यक्ति को उसकी वित्तीय हैसियत के आधार पर ही उसे न्याय तक पहुंच निर्धारित करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। न्याय के संरक्षक के रूप में सर्वोच्च न्यायालय को इस अवसर का उपयोग न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए करना चाहिए बल्कि कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए भी करना चाहिए। न्याय के सिद्धांतों को बनाये रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि निर्दोष जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े,

## व्यंग्य

## इजहार-ए-इश्क में बाँकेलाल की लाइव बेलन पिटाई

**प्रभुनाथ शुक्ल**

बसंत के मौसम में बांकेलाल के चेहरे की रौनक बौराई अमराई और गदराई सरसों की तरह दिख रहीं थी। आमतौर पर उनके चेहरे की रौनक बुझी सी दिखती थी। वेलेंटाइन दिवस पर मसाज पार्लर से निकलते देख हमने उन्हें छेड़ ही दिया। क्या हाल हैं जनाब ! आजकल बदले-बदले से दिख रहे हैं। क्या इरादा है वेलेंटाइन की बिजली किस पर गिरेगी ?ङ्खअरे ! आप तो पचपन में भी बचपन से लग रहे हैं।

बांकेलाल ने कहा हूँ, आप भी पूरे बुडबक हैं जी। अरे क्या गुनाह कर डाला हमने खबरीलालजी। वह बोल पड़े, अरे! बसंत का मौसम है, आपको कुछ दीखता नहीं। आँख के अंधे हैं क्या सावन में भी हरियाली नहीं दिखती। मुझ पर तंज कसते हुए बोले, अन्हरा बांटे सिन्नी देख-देख। दुनिया की खबर आप लेते हैं और बदले मौसम का हाल मुझसे पूछते हैं।

बांकेलाल ने कहा देखिए, वैसे भी हमारे यहाँ चार ऋतुएं होती हैं। गर्मी, जाड़ा और बरसात, लेकिन उसमें भी कई उप ऋतुएं होती हैं। आपको महाकवि जायसी के बारे में पता ही होगा। उन्होंने चौमासा को बारहमासा बना दिया और प्रेम के महाकाव्य पद्मावत की रचना कर डाली। आपको शायद पता नहीं है खबरीलालजी, अपने मुलुक में अपनी जरुरत के अनुसार फि जाएं बनायी और बिगाड़ी जाती है यानी मन मुताबित बसंत तैयार किया जाता है।

अब देखिए रोज-डे, चाकलेट-डे, टैडी बियर-डे, प्रॉमिस-डे, हग-डे, किस-डे और वेलेंटाइन-डे जैसे अनगिनत डे हैं जनाब। वैसे भी अपनी इच्छा के अनुसार मौसम बनाए और बिगाड़े जाते हैं। देश में लोकतंत्र है यहाँ सबको अपने-अपने इजहार की आजादी है। वैसे भी आजकल लोगों को आजादी से कुछ अधिक ही इश्क हो गया है। जब भी जी करता है आजादीङ्ख आजादी करने लगते हैं।

खबरीलालजी, हमारे देश में अनेका नेक दिन और मौसम होते हैं। जैसे प्रदर्शन-डे, आंदोलन-डे ,चुनावी-डे, एग्जाम-डे, बड्डे-डे, एनवरसरी-डे, अनशन-डे, मैरिज-डे आदि। अब हम आपको जीवी और जीविता का उदाहरण समझाते हैं। हमारे आसपास बुद्धजीवी के साथ-साथ काफी संख्या में कांदा और बटाटाजीवी भी हैं। हमारी युवा पीढ़ी डाटाजीवी हो गई है। हमारे आसपास तो काफी परजीवी भी विद्यमान हैं। हालांकि हमारे बांकेलाल जी भाषणजीवी प्रजाति से आते हैं।

वेलेंटाइन-डे पर अपनी भाषणजीविता को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा देखिए, खबरीलालजी ! वैलेंटाइन-डे यानी इजहार-ए-इश्क की तैयारियां जोरों पर हैं। इश्कजीवी अभी से खुद को प्री-प्लांड में लगा रखा है। मसलन मासूका से किस होटल, रिशॉर्ट, बीच और पार्क में मिलाना है उसकी तैयारी में लगे हैं। अपनी लैला को किस अंदाज में गुलाब देना है और इश्क का इजहार किस अनूठे किस्म से करना है जैसे विषयों सब पर रिहर्सल शुरू हो गया है।कई इश्कजीवियों ने तो चुनावों की तरह बाकायदा लव प्रोफेशनलों को हायर कर लिया है।

उधर शहर के सांस्कृतिक रक्षादल के लोग भी छुट्टे सांडो की तरह अखाड़ रहे हैं।

## विचार

## विदाई 17वीं लोकसभा की या संसदीय व्यवस्था की

**राजेंद्र शर्मा**

सब तरफ अंधेरा ही नहीं है। सत्रहवीं लोकसभा ने तीन कारपोरेटपरस्त काले कृषि कानूनों का, बिना समुचित चर्चा के और बहुमत की तानाशाही के बल पर, संसद पर थोपा जाना भी देखा और किसानों के ऐतिहासिक साल भर लंबे आंदोलन के बाद, उसी हठी सरकार द्वारा उन कानूनों का, संसद से ही निरस्त कराया जाना भी देखा। अंधेरा बहुत है, पर जहां-तहां रौशनी की चिलक भी है।

संसदीय जनतांत्रिक व्यवस्था में अगर कार्यपालिका या सत्ताधारी, संसद पर अपनी मनमर्जी थोपने में समर्थ हो, तो इसे संसदीय व्यवस्था का अंत ही माना जाना चाहिए। इसके बाद, संसदीय व्यवस्था का सिर्फ खोल ही बचा रह जाएगा, उसके प्राण निकल चुके होंगे। अभी हाल ही में जिस सत्रहवीं लोकसभा की विदाई का कर्मकांड संपन्न हुआ है, उसे संसदीय व्यवस्था की ही विदाई के लिए भी याद किया जाएगा। जाहिर है कि यह संसद पर सत्ताधारियों की मनमर्जी थोपे जाने का ही सबूत था कि संसद के इस संक्षिप्त बजट सत्र को ऐन आखिरी दिन निर्णय कर, एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया। पर सत्ताधारियों की मनमर्जी सत्र के एक दिन बढ़ाए जाने तक सीमित नहीं थी। असली मनमर्जी इसे आखिरी वक्त तक एक रहस्य ही बनाकर रखे जाने में थी कि इस अतिरिक्त कार्यदिवस पर, संसद में होगा क्या? और इस अतिरिक्त कार्यदिवस पर संसद में जो हुआ, उससे एजेंडा ही रहस्य बनाकर रखे जाने का कारण ही नहीं, इस एजेंडा के थोपे जाने का सरासर मनमानापन भी, खुद ब खुद उजागर हो गया। इस रोज एक तो दोनों सदनों में राम जन्म भूमि मंदिर के बनने पर प्रस्ताव पारित कराया गया। दूसरे, 17वीं लोकसभा के इस आखिरी सत्र का समापन प्रधानमंत्री मोदी के भाषण से कराया गया, जो एक प्रकार से आने वाले आम चुनाव के लिए, प्रधानमंत्री के चुनाव प्रचार की शुरूआत भी थी।

वैसे यह पहला मौका नहीं था, जब सरकार द्वारा संसद पर इस तरह अपनी मनमर्जी थोपी जा रही थी। सत्रहवीं लोकसभा को अगर संसद के एक नये, विशालतर तथा कुछ अर्थों में भव्यतर भवन में स्थानांतरित होने के लिए याद किया जाएगा, तो उससे ज्यादा सत्ताधारियों की मनमर्जी थोपे जाने के नया नियम ही बना दिए जाने के लिए भी याद किया जाएगा। वास्तव में संसद के हालिया सत्र के आखिरी दिन जिस तरह संसद को सत्ताधारियों के हुकुम का ताबेदार बनाया गया, उसकी विधिवत शुरूआत तो संसद के भवनांतरण के साथ ही हो गई थी। उस समय शासन के पूरी तरह से इकतरफा फैसले से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया था और उस समय भी अंत-अंत तक इस सत्र का एजेंडा रहस्य के पर्दे में ही रखा गया था। विपक्ष के ही नहीं, खुद सत्ता पक्ष के भी अधिकांश सांसद, इसका अनुमान ही लगाते रह गए थे आखिर, विशेष सत्र में होगा क्या? आखिरकार, इस विशेष सत्र में पुराने संसद भवन की विदाई से लेकर, नये संसद भवन में प्रवेश तक, हर मौके पर प्रधानमंत्री के संबोधन का अवसर निर्मित करने के अलावा, महिला आरक्षण बिल पेश किया गया और पारित कराया गया। लंबे इंतजार के बाद पारित हुआ यह बिल इसलिए भी ऐतिहासिक था कि इसके जरिए सत्ताधारी, महिला आरक्षण देने का राजनीतिक लाभ तो तत्काल लेना चाहते थे, लेकिन आरक्षण का कई साल आगे की तारीख का चैक दे रहे थे, जिसका भुगतान होने की भी कोई गारंटी नहीं थी।

बेशक, सत्रहवीं लोकसभा के दौर में, कार्यपालिका के सामने संसद की स्वायत्तता के खात्मे और संसद पर सत्ताधारियों की ही मनमर्जी थोपे जाने का मामला, अपनी मर्जी से संसद का एजेंडा तय किए जाने तक ही सीमित नहीं रहा। इसी सिलसिले की अलग-अलग कड़ियों के तौर पर, इस दौर में संसद ने और भी बहुत कुछ देखा। इस दौर ने नये भवन में संसद में सुरक्षा सेंध के मुद्दे पर बहस की मांग करने के लिए, दोनों सदनों के लगभग डेढ़ सौ सदस्यों का शेष सत्र भर के लिए निलंबन देखा। एक गिनती के अनुसार, इस पांच वर्ष की अवधि में दोनों सदनों ने मिलाकर, कुल 206 बार विपक्षी सांसदों के खिलाफ निलंबन के हथियार का इस्तेमाल किया। इसी दौर ने मणिपुर की भयंकर हिंसा के मुद्दे पर, प्रधानमंत्री के वक्तव्य के आधार पर बहस की मांग पर, हफ्तों संसद में विपक्ष को संघर्ष करने पर मजबूर होते भी देखा।

इसी लोकसभा ने विपक्ष के एक प्रमुख नेता के विदेश में कथित रूप से देश की प्रतिष्ठा घटाने वाली बात कहने के बेहूदा बहाने से, खुद सत्ता पक्ष द्वारा कई दिनों तक सदन की कार्रवाई का बाधित किया जाना देखा। और देखा, अंततः पूरी तरह से झूठे बहाने से और फिक्स्ड अदालती फैसले के आधार पर, उसी सदस्य की लोकसभा सदस्यता का निरस्त होना और बाद में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से, उसकी सदस्यता को वापस होते हुए भी देखा। इसी लोकसभा ने एक कंगारू अदालत बनकर, एक और मुखर विपक्षी सांसद की सदस्यता का चीरहरण भी देखा। इसी लोकसभा ने 35 फीसद विधेयकों का एक घंटे से भी कम समय की चर्चा में पारित किया जाना भी देखा। इसी दौर ने सिर्फ 16 फीसद विधेयकों को विस्तृत छानबीन के लिए संसदीय कमेटियों को भेजे जाते देखा। इसी लोकसभा ने विपक्ष के एक भी कार्यस्थगन प्रस्ताव का स्वीकार न किया जाना भी देखा और सिर्फ 13 अल्पावधि चर्चाओं को मंजूरी दिया जाना देखा। इसी लोकसभा ने सत्ताधारी पार्टी के एक सांसद द्वारा सदन में ही एक विपक्षी मुस्लिम सदस्य को, उसकी धार्मिक पहचान को लेकर, भद्दी से भद्दी गालियां देते और सत्तापक्ष तथा सभापति द्वारा उसे साफ बचाए जाते भी देखा। सत्रहवीं लोकसभा ने डिप्टी स्पीकर का पद व्यावहारिक मानों में खत्म हो जाते भी देखा।

# गुटखा कारोबारी के पुत्र की फिरौती को हत्या

## तीन लोगों ने अपहरण कर पत्थरों से कुचलकर की हत्या, छह घंटे में घटना का एसपी ने किया खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गुटखा कारोबारी के 16 वर्षीय पुत्र का तीन लोगों ने अपहरण कर समय से फिरौती न मिलने पर मासूम के पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस ने छह घंटे के अन्दर खुलासा किया है। हत्यारों ने मंहगे शौक पूरे करने के गरज से हत्या की है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु हुए। बताया कि घूमने के शौकीन रैपुरा कस्बे के राजधर कोटार्य का 16 वर्षीय पुत्र सुधांशु को बहिलपुरवा थाने के बरौनी तीर का विनय कुमार पुत्र रामसागर पटेल व प्रिंस पटेल पुत्र राजकरन निवासी चैखडा ददरीमाफी तथा एक बाल



पत्रकारों को जानकारी देते एसपी व पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी।

अपचारी अपने साथ दस फरवरी को कर्वी स्थित चमडामंडी घर ले आये। 12 फरवरी को सुधांशु की मां श्रीमती मंजू देवी ने रैपुरा थाने में तहरीर दी कि अपरान्ह 2.50 पर पुत्र लापता हो गया है। 12 फरवरी को ही सवेरे अज्ञात व्यक्ति ने पिता राजधर को फोन कर सुधांशु के कब्जे में होने की बात कहकर पचास लाख रुपये फिरौती मांगी। फिरौती न देने पर बालक को जान से मारने की धमकी दी।

धमकी के बाद पिता के कानपुर में होने की बात कहने पर पत्नी ने थाने में तब रिपोर्ट लिखाई, जब तीसरी बार फोन नहीं आया। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्ज किया। एसपी अरुण कुमार सिंह ने तत्काल घटना के खुलासे को थानाध्यक्ष रैपुरा, एसओजी की संयुक्त टीम को निर्देश दिये।

पुलिस व एसओजी टीम ने सर्विलांस से सिमधारक दद्दू पटेल को पूंछताछ को पकडा तो उसने बताया कि उसके फोन से दो दिन पहले सिम चोरी हो गया था। उसे आवाज सुनाई तो बताया कि ये आवाज विनय पटेल की है। पुलिस ने विनय पटेल को दबोचा तो घटना का खुलासा हुआ। आरोपियों ने बताया कि महंगे शौक पूरे करने को फिरौती की गरज से अपहरण किया था। ये अपहरण रैपुरा कस्बे के आलोक ने बताया था कि राजधर गुटखा का थोक कारोबार करता है। दो-ढाई लाख रुपये प्रतिदिन कमाता है। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से अपहरण-फिरौती व हत्या में शामिल तीन लोगों को दबोचा है। चैथे की तलाश जारी है। टीम में एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी, दीवान जितेन्द्र कुमार, दीवान साकिर हुसैन, दीवान नितेश समाधिया, सिपाही रोशन सिंह, रोहित सिंह, आशीष यादव, पवन राजपूत व रैपुरा थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय, सिपाही नन्दलाल राम व चालक अजीत यादव शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजपुर निष्ठा उपाध्याय मौजूद रहीं।

### दस्सा ही है नाबालिग की हत्या का सूत्रधार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 12 फरवरी 2019 को सीतापुर के तेल व्यापारी बृजेश रावत के जुडवा पुत्रों की हत्या दस्सा ने की थी। गुटखा कारोबारी के पुत्र की हत्या में भी दस्सा का हाथ है। दस्सा को पुलिस तलाश रही है। दस्सा के खिलाफ नयागांव थाने में जुडवा बच्चों की हत्या का मामला दर्ज हुआ था। आज फिर नाबालिग छात्र की हत्या मामले में दस्सा को पुलिस तलाश रही है। पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस घटना से जिले की जनता के जेहन में खौफ फैल गया।

# बिल देने की बजाय काट दिया कनेक्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के गोल तालाब कुंजनपुरवा की लक्ष्मिनिया पत्नी स्व गुलाब ने विद्युत उपखंड अधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि बीस जनवरी 2023 को 2520 रुपये विद्युत बिल जमा किया था। उसके बाद से आज तक कोई भी रीडिंग लेने नहीं आया। उसने विद्युत बिल देने की मांग की है।

मंगलवार को पीडिता लक्ष्मिनिया ने विद्युत उपखंड अधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि उसने कई बार प्रार्थना पत्र दिये थे, कोई उत्तर नहीं मिला। न ही बिल आया। सात फरवरी 2024 को विभाग में आकर एसडीओ से बात की तो पता चला कि इस नाम के दो कनेक्शन हैं। कहा कि मीटर बदला जायेगा। उसने कहा कि



पीडिता लक्ष्मिनिया।

जैसा भी हो मीटर बदलकर उसका बिल तत्काल दिया जाये, ताकि वह बिल जमा कर सके। कई माह से परेशान पीडिता ने आठ फरवरी को विभाग में आकर बताया कि उसकी विद्युत लाइन काट गये हैं, तब से वह अंधेरे में रह रही है। उसके दो छोटे बच्चे हैं। वह बीमार रहती है। मानवीय दृष्टिकोण से उसका कनेक्शन तत्काल जुडवाया जाये और शेष बिल निकलवाया जाये।

# बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव में कराया वाक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पर्यटन विभाग ने बुंदेलखंड गौरव महोत्सव 13 फरवरी को हॉट एयर बैलून की उड़ान सवेरे साढे छह बजे से सीआईसी मैदान से की। विद्यार्थियों को योगा, हेरिटेज वाक में आने वाले प्रथम सौ लोगों को बुंदेलखंड गौरव महोत्सव टी-शर्ट गणेश बाग में दी गयी।

मंगलवार को योगा में बेसिक विद्यालय कम्पोजिट के सभी ब्लाकों के 50 छात्र व 50 शिक्षकों समेत दो सौ लोगों ने योगाभ्यास किया। गणेश बांग की हेरिटेज वॉक समेत रामघाट में वॉक, तुलसीदास स्नातक कॉलेज के 50 विद्यार्थी युवा पर्यटन क्लब के मेबर, सेन्ट थामस के 15 विद्यार्थी, बेसिक विद्यालय



वाक करती छात्रायें।

के 50 छात्र-छात्राओं, दिव्यांग विश्वविद्यालय के 50 छात्र समेत सभी को बस से वॉक कराया। हेरिटेज वॉक का शुभारम्भ डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने किया। गणेश बाग के ऐतिहासिक धरोहर बाबत विद्यार्थियों को बताया। वाटर स्पोर्टस के तहत वोट आदि से गुंता बांध में टहलाया। युवकों ने बोटिंग का आनन्द लिया।

## नेताओं के साथ डीएम ने देखा स्ट्रांग रुम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने एसडीएम नमामि गंगे उमेश कुमार निगम, एसडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष अपना दल एस विनोद पटेल, नगर अध्यक्ष आप प्रमोद कुमार सोनी, सपा जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी अमर सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा हरिओम करवरिया के साथ कलेक्ट्रेट में बने वेयर हाउस/स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम व वेयर हाउस में लगे सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिये कि किसी तरह की लापरवाही न हो। जिला निर्वाचन बाबत अधिकारियों को निर्देश दिए।

# पिरामल की ओर से डीएम ने बांटी खेलकूद सामग्री

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पिरामल संस्था के सहयोग से सौ स्कूलों मे खेलकूद सामग्री बांटी। उच्च प्राथमिक विद्यालय कोल गदहिया में नीति आयोग की सहयोगी पिरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक अनिल शुक्ला ने बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से छलांग के तहत सौ विद्यालयों में खेलकूद सामग्री जिलाधिकारी से बंटवाई।

मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सांकेतिक रूप से 12 विद्यालयों को सामग्री बांटी। बीएसए लव प्रकाश यादव ने तुलसी का पौधा देकर जिलाधिकारी का स्वागत किया। अनिल शुक्ला ने बीएसए



सामग्री देते डीएम।

को तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया। शुरूवात जिलाधिकारी ने दीप जलाकर किया। विद्यालय के बच्चों ने छलांग टीम के साथ यातायात गतिविधि जानी। संचालन हर्षिता गांधी फेलो ने किया। अनिल शुक्ला ने बताया कि छलांग रामकृपा एजुकेशनल ट्रस्ट व प्रजायत्न संस्था सौ स्कूलों में चला रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि पिरामल संस्था के कार्य अच्छे हैं। खेलकूद में छात्र-छात्राओं के लिए ये सामग्री महत्वपूर्ण है। बीएसए को निर्देश दिये कि संस्था के कार्यों का लाभ लें। वितरित खेल सामग्री बाबत सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये कि इसे दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी है। खरौंध गांव के प्रधान लवकुश यादव ने कहा कि पिरामल संस्था के प्रबंधक अनिल शुक्ला की अगुवाई में झुंझुनू राजस्थान जाने का मौका मिला। उच्च स्तर पर संस्था पदाधिकारियों ने जीडीपी की ट्रेनिंग दी। रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव केशव शिवहरे ने आभार जताया। जिलाधिकारी ने बच्चों को चाकलेट बांटी। इस मौके पर पिरामल संस्था से प्रोग्राम लीडर विमल श्रीवास्तव, गरिमा, हर्षिता, जयराज, गौरव, रामकृपा एजुकेशनल ट्रस्ट प्रोग्राम मैनेजर जितेंद्र श्रीवास्तव, राहुल, रवि, बृजेश, प्रजायत्न से अमित श्रीवास्तव, नीलू, विजय, अनुज, प्रेमचंद, सूर्यकांत आदि मौजूद रहे।

## जानलेवा हमला-छेडछाड के दो वारंटी दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वारंटी/वांछित की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दो वारंटी दबोचे। मंगलवार को मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने जानलेवा हमला व गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी के वारंटी त्रियोगीनारायण पुत्र चन्द्रमा तिवारी निवासी कस्बा मऊ को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में दरोगा गंगाचरण की टीम ने छेडछाड व गाली-गलौज के वारंटी श्यामलाल गुप्ता उर्फ मुन्नीलाल पुत्र गुधई गुप्ता निवासी बरिया को गिरफ्तार किया।

# ओला गिरने से किसान परेशान, फसलों को हुई क्षति

### डीडीए कृषि ने मांगी रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बीती रात अचानक मौसम के मिजाज बिगड गया। जोरदार बारिश के साथ ओले पडे। ज्यादातर गांवों में बारिश के साथ ओले गिरे। इससे रबी की फसल सरसो, मसूर, अरहर, चना, मटर के साथ गेहूं को क्षति पहुंची है।

सोमवार की रात बारिश व ओला गिरने की सम्भावना थी, आधी रात बाद तेज गर्जना के साथ बारिश-ओले गिरने शुरू हो गये। रात ढाई बजे तेज हवा के साथ ओले गिरे।

जिला मुख्यालय में दस मिनट तक लगभग बीस ग्राम वजन के ओले गिरने से क्षेत्र में फसलों को क्षति पहुंची। भरतकूप क्षेत्र में दो दर्जन गांवों में बडे-बडे ओले गिरने से सरसों फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। यही हाल मानिकपुर के बताये गये। इलाके के ऊंचाडीह




ओला गिरने से क्षतिग्रस्त सरसों की फसल।

में दस मिनट तक ओले गिरे। मऊ गुरदरी में ओलावृष्टि हुई। मारकुण्डी में हल्की बारिश होने से फसलें बच गइं। ओलावृष्टि से सरसों की फसल खासी क्षति पहुंची है। प्रगतिशील किसान योगेश जैन ने कहा कि सरसों की फसल को 80 फीसदी क्षति पहुंची है। चना, मसूर, मटर व अरहर के फूल झड गये। गेहूं को बीस फीसदी क्षति पहुंची है। उपकृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि भरतकूप, मानिकपुर व मऊ इलाके में बारिश के साथ ओले गिरने से फसलों को क्षति पहुंचने की जानकारी मिली है। राजापुर क्षेत्र में केवल बारिश हुई है। विभागीय कर्मचारियों से हर गांव से क्षति की रिपोर्ट मांगी गई है।

# ओला-बारिश से नष्ट फसलों का दें मुआवजा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** अचानक बदले मौसम से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच गईं। मऊ क्षेत्र में देर रात से शुरू हुई बारिश ने किसानों की फसलों में प्रतिकूल असर दिखाया है। सोमवार की रात हुई बारिश से क्षेत्र में कई जगहों पर ओला गिरे। बारिश के चलते गेंहू, चना, सरसों समेत अन्य फसलें प्रभावित हुईं। बदलते मौसम के आंकलन से क्षेत्र के किसानों ने कहा कि सारी रकम लगाकर फसल तैयार करते हैं, तेज बारिश व ओलावृष्टि ने मेहनत पर पानी फेर दिया।



ओला-बारिश से पसरी गेहूं फसल।

किसान सौरभ भार्गव ने खेत पर काफी मेहनत से तैयार गेंहू की फसल दिखाते हुए कहा कि अधिक बरसात व ओला से पूरी फसल जमीन पर पसर गई है। मऊ क्षेत्र में पहले अन्ना पशुओं से दिन-रात किसान फसलों की रखवाली करते हैं, बरसात ने और परेशानी बढ़ा दी है। क्षेत्र के राममिलन वाजपेई, रामकृष्ण बाजपेई, सौरभ भार्गव, शारदा यादव, राममूरत यादव समेत किसान अचानक हो रही बारिश से सरकार से गुहार लगाई है कि बारिश व ओला प्रभावित फसलों का आंकलन कर किसानों को मुआवजा दिया जाए।

## किसान नेताओं को तत्काल रिहा करे सरकार: देवेन्द्र सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों पर आपदा पड़ी है। भारी ओलावृष्टि से किसानों को क्षति पहुंची है। प्रकृति की आपदा से किसानों के चेहरों पर मायूसी है। जिला प्रशासन से मांग है कि जल्द सर्वे कराकर किसानों की भरपाई कराई जाए।मंगलवार को भाकियू मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि चारों तरफ से किसानों पर आपदा ही आपदा है। एमएसपी गारंटी कानून पर सरकार ने वायदा खिलाफी की है। पराली कानून, एनजीटी कानून, विद्युत अधिनियम आदि कानून किसानों पर थोपे जा रहे हैं। किसानों के पास आंदोलन के सिवाय कोई रास्ता नहीं बचता है। सरकार के तानाशाही रवैये से देश मे किसान मांगों को लेकर समय-समय पर आंदोलन, धरना-प्रदर्शन करते रहते हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर 16 फरवरी को भारत बंद का ऐलान है। खेती समेत औद्योगिक, श्रमिक व अन्य वर्गों से जुड़े दल शामिल होंगे। मप्र पुलिस ने भाकियू प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव व कार्यकताओं, पदाधिकारियों समेत संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान संगठनों के किसान नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। केन्द्र व मप्र सरकार का निंदनीय फैसला है, ताकि किसान विरोधी होने का चेहरा साफ दिखाई पड़ता है। सभी किसान संगठनों के नेताओं को सरकार तत्काल प्रभाव से रिहा करे।

# यूनेस्को के जियोपार्क बतौर शामिल करने को हुआ सर्वेक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आईआईटी कानपुर सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम के विशेषज्ञ भू-वैज्ञानिकों ने जिले के विभिन्न भू-वैज्ञानिक व सांस्कृतिक विरासत स्थलों का दौरा कर जियोपार्क के बतौर विकसित करने व यूनेस्को की मान्यता पाने की सम्भावना का आंकलन कर रहे हैं।

मंगलवार को उप्र-मप्र एक सांस्कृतिक स्थल में भगवान राम ने साढे 11 वर्ष बिताये हैं। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के पूर्व उप महानिदेशक/सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम के सलाहकार डॉ सतीश त्रिपाठी ने कहा कि



पत्थरों में जीवाश्म खोजते वैज्ञानिक।

आध्यात्मिक पर्यटन स्थल को कम लोग जानते हैं। ये अंतर्राष्ट्रीय महत्व की भू-वैज्ञानिक विरासत से भरा है। डॉ सतीश त्रिपाठी ने जानकीकुंड के पास मंदाकिनी नदी तल में मिले जीवाश्म पृथ्वी पर पहले जीव रूप हैं। 16 सौ मिलियन वर्ष पुराने नीले-हरे शैवाल जीवाश्मों ने कार्बन डाइऑक्साइड का उपभोग कर पृथ्वी के पर्यावरण को बदल दिया। ऑक्सीजन का उत्सर्जन किया, रहने योग्य बना दिया। टीम के अन्य वैज्ञानिक डीएसएन कॉलेज उन्नाव के डॉ अनिल साहू ने कहा कि चित्रकूट में भू-पर्यटन की अपार संभावनाये हैं। भू-पर्यटन स्थलों का सर्वेक्षण किया। निष्कर्ष निकाला कि चित्रकूट क्षेत्र में ग्लोबल जियोपार्क बतौर विकसित होने की क्षमता है। इसे यूनेस्को से मान्यता मिल सकती है। सेवायोजन अधिकारी डॉ पीपी शर्मा व सहयोगी डॉ अश्वनी अवस्थी ने भू-पर्यटन स्थलों की सूची में सहयोग किया। डॉ सतीश त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र को यूनेस्को के ग्लोबल जियो पार्क की सूची में शामिल करने को उप्र सरकार व मप्र को एक रिपोर्ट सौंपने जा रहे हैं।

# कलयुगी मां ने नवजात शिशु को झाडियों में फेंका

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाने के सरैंया चौकी में राजापुर, सरैंया मार्ग किनारे वन विभाग की नर्सरी में झाड़ियों में नवजात शिशु के मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। चंद्रामारा गांव की महिला ने नवजात शिशु को झाड़ियों में देखा तो उसे अपने साथ ले गई। नवजात शिशु को झाडियों में फेंकने की ये घटना शनिवार को हुई। बताया गया कि सरैंया मार्ग पर वन विभाग की नर्सरी में कलयुगी मां नवजात शिशु को छोड़कर भाग गई। शनिवार दस फरवरी को राजापुर -सरैंया मार्ग किनारे जीवित नवजात शिशु मिलने से सनसनी फैल गई। चंद्रामारा गांव की भोंडी पत्नी लेखपाल शाम छह बजे मायके कबरापुरवा पैदल जा रही थी। नर्सरी में झाड़ियों से अजीब सी रोने की आवाज आई तो देखा कि एक कपड़े में खून से लिपटा नवजात शिशु पड़ा है। उसे लेकर वह घर चली आई। दूसरे दिन भोंडी ने चैकी प्रभारी सरैंया को जानकारी दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 12 फरवरी को नवजात शिशु को बाल कल्याण समिति को सौंपा। नवजात शिशु पाने वाली महिला भोंडी पत्नी लेखपाल के पास बच्चे नहीं हैं। वह शिशु का पालन-पोषण करना चाहती है। कानूनी बंदिशों से ये असम्भव प्रतीत हो रहा है।

# 17-18 को पुलिस भर्ती परीक्षा को प्रशासन ने कसी कमर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न कराने बाबत ब्रीफिंग हुई। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों, सह केंद्र व्यवस्थापकों समेत अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों से कहा कि जिले में 17-18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा होगी। जिले में 15 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली में दस से 12 बजे तक, दूसरी पाली में तीन से पांच बजे तक होगी। सात सेक्टर मजिस्ट्रेट, 23 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। तीन उड़न दस्ता टीम लगाई है। सबसे अधिक परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में हैं। इस केंद्र के परीक्षार्थी समय से पहुंचकर प्रवेश लें, ताकि परीक्षा में शामिल होने में कोई समस्या न आये।

उन्होंने कहा कि अभी समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को जिले में सकुशल संपन्न कराया है। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थायें कर लें। संबंधित एजेंसी से कहा कि सीसीटीवी कैमरा, फ्लेस्टिंग, परीक्षार्थियों की फोटोग्राफी बाबत मैनपावर व्यवस्था करें। वरिष्ठ कोषाधिकारी से कहा कि कोषागार में डबल लाक पर प्रश्न पत्र रखवाने की व्यवस्था करें। सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा कि महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र में रहकर पुलिस परीक्षा संपन्न कराने को शासन से मिली निर्देशिका अनुसार करायें। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि शासन के निदेर्शों अनुसार परीक्षा संपन्न करायें। सभी परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त पुलिस बल लगाया है। एडीएम एफआर वंदिता श्रीवास्तव ने डीआईओएस से कहा कि परीक्षा में लगाये अधिकारी का व्हाट्सअप ग्रुप बनायें, परीक्षा को शासन के निर्देश से करायें। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि सभी व्यवस्थायें 16 फरवरी तक हर हाल में परीक्षा केंद्रों में कर लेना है। बैठक में एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, एएसडीएम पंकज वर्मा, सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, मऊ सीओ जयकरन सिंह आदि मौजूद रहे।

# गौशालाओं की दशा न सुधरी तो होगा चक्का जाम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री ऋषभ, गौ रक्षा प्रमुख के जिला संयोजक अंकित पटेल, सह संयोजक विमल त्रिपाठी, प्रणव भारद्वाज व नगर अध्यक्ष नीरज केशरवानी ने पहाडी ब्लाक के प्रसिद्धपुर गौशाला देखा। गौशाला में गौवंश बीमार मिले। प्रधान ने बताया कि बीडीओ साहब ने निरीक्षण किया था।

मंगलवार को विहिप के पदाधिकारियों ने गौशाला में बीमार गौवंश देखे। बीडीओ पहाडी मानने को तैयार नहीं है। प्रशासन के बीडीओ गैरजिम्मेदाराना रवैया अपनायेंगे तो अन्य अधिकारियों से क्या उम्मीद कर सकते हैं। जिले की गौशालाओं की दुर्दशा यही है। इसी के चलते संबंधित अधिकारी व डॉक्टर ध्यान नहीं दे रहे। गौशालाओं में प्रतिदिन कोई न कोई गाय मर रही है। जिलाधिकारी के कडे आदेश के बाद भी सूबे के मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट को जिले के एसडीएम व बीडीओ तथा पशुपालन अधिकारी, प्रधान-सचिव सभी लोग पलीता लगा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग किया कि सख्ती व ईमानदारी से जिम्मेदार अधिकारियों के कार्य की समीक्षा कर औचक निरीक्षण कर गौशालाओं के प्रति लापरवाही बरतने वाले लोगों पर कडी कार्रवाई की जाये। चेताया कि ऐसा न होने पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल धरना-प्रदर्शन व चक्का जाम को बाध्य होगा।

## किसानों को डीएचओ ने दिखाई खेती

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पांडेय ने जिले में औद्यानिक कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों के भ्रमण दल को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। मंगलवार को बरगढ थाने के बोझ गांव के बोझ फार्म हाउस में वैज्ञानिक ढंग से हो रही पपीता खेती, एप्पल बेर, अमरूद खेती, मुसम्मी खेती, टमाटर खेती, मिर्च खेती व एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत संरक्षित खेती के तहत नवनिर्मित पाली हाउस को भ्रमण दल को दिखाया।

किसानों ने खेतों में ऐसी बागवानी करने का उत्साह दिखा। किसानों ने कहा कि वे लोग भी अब वैज्ञानिक ढंग से शाकाभाजी की खेती व अमरूद, पपीता की खेती करेंगे। बरगढ़ के पास उसरी माफी में किसान की उगाई जा रही स्ट्रॉबेरी को भी किसानों को दिखाया।

# निजामुद्दीन फिर बने जिलाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने निजामुद्दीन सिद्दीकी को पुनः जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके जिलाध्यक्ष मनोनयन पर सपाइयों ने खुशी जताई है। कहा है कि निजामुद्दीन के पुनः जिलाध्यक्ष बनने से सपा को और मजबूती मिलेगी।

मंगलवार को निजामुद्दीन सिद्दीकी को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव, लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्भय सिंह पटेल, विधायक अनिल प्रधान, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल समेत सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव व मो गुलाब खां,




निजामुद्दीन सिद्दीकी।

मो अरशद खान ने खुशी जताई है। कहा कि निजामुद्दीन के जिलाध्यक्ष मनोनयन से सपा को और मजबूती मिलेगी। सपा की नीतियों के प्रचार-प्रसार में गति आयेगी।

# यौन उत्पीड़न के आरोप से घिरे ढाका विवि के प्रोफेसर को तीन माह की छुट्टी पर भेजा गया

**ढाका।** ढाका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नादिर जुनैद को तीन माह की छुट्टी पर भेज दिया गया। साथ ही उन्हें इस अवधि में शैक्षणिक गतिविधियों से पूरी तरह अलग रहना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह फैसला प्रोफेसर नादिर जुनैद पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगने के बाद लिया। बांग्लादेश के समाचार पत्र द डेली स्टार के अनुसार, इस घटना का खुलासा होने पर विश्वविद्यालय के विद्याथियों ने सोमवार को जमकर नारेबाजी की। छात्र आंदोलन के हिंसक रूप लेने की आशंका के मद्देनजर अधिकारियों ने कल दोपहर यह फैसला लिया। डीयू के जनसंचार और पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अबुल मंसूर अहमद ने इस



घटनाक्रम की पुष्टि की है। रजिस्ट्रार कार्यालय से मिले पत्र को प्रोफेसर मंसूर ने प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों के सामने पढ़ा। तब छात्रों ने अपना आंदोलन वापस लिया। इससे पहले आरोप की जांच की मांग को लेकर, जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों ने कक्षाओं का बहिष्कार किया। उन्होंने मांग की कि आरोपित प्रोफेसर को जांच अवधि तक सभी तरह की शैक्षणिक गतिविधियों से मुक्त रखा जाए। प्रोफेसर मंसूर ने कहा कि वह इस मुद्दे को अगली सिंडिकेट बैठक में उठाएंगे। रविवार को पीड़ित छात्रा ने वाइस चांसलर को प्रोफेसर नादिर के खिलाफ यौन उत्पीड़न करने की लिखित शिकायत दी थी।

# इजराइल ने रफाह में बम बरसाकर दो बंधक छुड़ाए, 74 की मौत

**रफाह।** मिस्त्र की सीमा के पास गाजा के दक्षिणी शहर रफाह में इजराइल सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने ताबड़तोड़ हवाई हमला कर बम बरसाते हुए फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के कब्जे से दो बंधकों को सुरक्षित रिहा करा लिया। रातभर हुई ताबड़तोड़ बमबारी में फिलिस्तीन के कम से कम 74 नागरिकों की जान चली गई।

अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली सेना ने बिना किसी नुकसान के दो बंधकों को एक भी खरोंच आए बिना हमास के ठिकाने से बाहर निकाल लिया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भीड़भाड़ वाले शहर में दर्जनों फिलिस्तीनी मारे गए हैं। जिन दो लोगों को बचाया गया है, उनमें फर्नांडो साइमन मार्मन (60) और लुईस हार (70) शामिल हैं। दोनों के पास इजराइल और अर्जेंटीना की दोहरी



नागरिकता है। दोनों के स्वास्थ्य की जांच तेल अवीव के एक अस्पताल में की जा रही है।

द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, इस ताजा घटनाक्रम का असर अन्य बंधकों की रिहाई पर इजराइल और हमास आतंकवादी समूह के बीच समझौते के प्रयास पर नहीं पड़ेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका, मिस्त्र, इजराइल और कतर के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच मंगलवार को काहिरा में बातचीत फिर से शुरू होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय का कहना है कि अब तक गाजा से 42 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। अमेरिका (व्हाइट हाउस) दो बंधकों की रिहाई से खुश है। व्हाइट हाउस ने ऑपरेशन के दौरान फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत पर दुख व्यक्त किया है।

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी का कहना है कि रफाह से दो बंधकों की रिहाई की सूचना सुखद है। अब बाकी 134 बंधकों की रिहाई कराना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैट मिलर ने कहा है कि बंधकों को छुड़ाने के लिए ऑपरेशन चलाने का इजराइल को "अधिकार" है। इस बीच, बेरुत में हमास के नेता ओसामा हमदान ने कहा है कि इजराइल बंधकों की रिहाई को लेकर गंभीर नहीं है।

# प्रधानमंत्री मोदी आज दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचेंगे यूएई, अबू धाबी में करेंगे भव्य हिंदू मंदिर का उद्घाटन

**नई दिल्ली/अबूधाबी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज (मंगलवार) संयुक्त अरब अमीरात की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंच रहे हैं। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वो अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर 'बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था' मंदिर का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अबू धाबी में भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे।

नई दिल्ली में विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा के बारे में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी संयुक्त अरब अमीरात के उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री से भी भेंट करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन-2024 में हिस्सा लेंगे।

क्वात्रा के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री मोदी द्विपक्षीय बैठक के दौरान आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। पिछले आठ महीने में प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति से यह पांचवीं भेंट होगी।

अबू धाबी में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के बारे में जारी विज्ञप्ति के अनुसार मोदी जायद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में 'अहलान मोदी'



कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। आयोजकों का कहना है कि संयुक्त अरब अमीरात में खराब मौसम के बावजूद यहां रहने वाले भारतीय समुदाय के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। 2,500 से अधिक लोगों ने भारी बारिश के बावजूद फुल ग्राउंड रिहर्सल की।

भारत में यूएई के राजदूत अब्दुलनासिर अलशाली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूएई यात्रा को द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से "बेहद महत्वपूर्ण" बताते हुए उम्मीद जताई कि यह सामरिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

खलीज टाइम्स अखबार के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार शामअबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में 'अहलान मोदी' कार्यक्रम के दौरान 60,000 से अधिक भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के आयोजकों ने कहा कि भारतीय समुदाय की "जबरदस्त प्रतिक्रिया" के कारण पंजीकरण बंद कर दिया गया है।

बुधवार को भारतीय प्रधानमंत्री सबसे पहले दुबई में वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट 2024 में हिस्सा लेंगे। वह शिखर सम्मेलन में मुख्य भाषण देंगे।

# मोदी के स्वागत के लिए यूएई में जबरदस्त तैयारी पर मौसम का असर, भारी बारिश से कार्यक्रम छोटा किया गया

**अबूधाबी/दुबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लोगों में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा हैं। वहीं वहां बसे भारतीय लोगों में दीवानगी बढ़ती जा रही है। संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले अहलान मोदी कार्यक्रम के लिए कराए गए पंजीकरण से यह साफ झलक रही है। इस कार्यक्रम के लिए 65 हजार लोगों ने पंजीकरण कराया है।

संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में मंगलवार को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 'अहलान मोदी' (अरबी में हैलो मोदी) को छोटा कर दिया गया है। इस कार्यक्रम की तैयारियों में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि यूएई में खराब मौसम की वजह से यह फैसला लिया गया है।

दरअसल, संयुक्त अरब अमीरात में रात भर बिजली की चमक के साथ भारी बारिश हुई है, जिसके कारण शहर में ट्रैफिक जाम और जलभराव की स्थिति है। समुदायिक नेता सजीव पुरूषोतमन ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी के अब तक के सबसे बड़े प्रवासी कार्यक्रमों में से एक की तैयारी अच्छी चल रही थी, लेकिन मौसम के कारण लोगों की भागीदारी 80,000 से घटाकर 35,000 कर दी गई है।

हालांकि, पहले यह बताया गया था कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वेबसाइट के माध्यम से 60,000 लोगों ने पहले ही रजिस्ट्रेशन करवा लिया था। इसमें केवल भारतीय मूल के ही लोग शामिल होंगे।

पुरूषोतमन के मुताबिक, अहलान मोदी में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर 1000 से ज्यादा स्वयंसेवकों के साथ 500 से अधिक बसें संचालित होंगी।

वहीं, अबू धाबी में भारतीय दूतावास के एक सूत्र ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित किए जाने वाले सार्वजनिक कार्यक्रम में 45,000 लोग शामिल होंगे। यूएई में लगभग 35 लाख भारतीय रहते हैं। इसके साथ ही खाड़ी देश यूएई में सोमवार सुबह से ही सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिए गए हैं।

यूएई की अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी 13 फरवरी को अहलन मोदी कार्यक्रम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे। इंडियन पीपल फोरम के अध्यक्ष और अहलन मोदी पहल के नेता जितेंद्र वैद्य ने इस आयोजन की अनूठी प्रकृति के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह अनोखे प्रकार का आयोजन है क्योंकि इसे आयोजन करने वाला कोई एक संगठन नहीं है। इसकी व्यवस्था एक पूरा समुदाय कर रहा है। जैसा कि आप जानते होंगे कि जब पीएम मोदी का नाम आता है, तो लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा होते हैं। यह पीएम मोदी के लिए लोगों का प्यार है।

संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने कहा कि जैसे ही कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की संख्या 65,000 तक पहुंची उन्हें पंजीकरण रोकना पड़ा, क्योंकि वे और अधिक लोगों को शामिल नहीं कर सकते थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार से शुरू होने वाली अपनी यात्रा में यूएई और कतर में प्रवासी भारतीयों के साथ भारत के गहरे जुड़ाव को मजबूत करेंगे। संयुक्त अरब अमीरात में पहला हिंदू मंदिर बनकर तैयार है। इस मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को प्रधानमंत्री करेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि मंदिर का उद्घाटन पीएम की यूएई यात्रा का अहम हिस्सा है। उस दिन लगभग 2000-5000 भक्तों के मंदिर में आने की उम्मीद है। पीएम मोदी की 2015 के बाद से यह यूएई की सातवीं यात्रा होगी। यात्रा के दौरान पीएम मोदी यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। दोनों नेता आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री दुबई में आयोजित होने वाले वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट 2024 में गेस्ट आफ आनर के रूप में भी भाग लेंगे और एक विशेष भाषण देंगे।

उन्होंने कहा कि 14 फरवरी को प्रधानमंत्री की कतर की दूसरी यात्रा दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व को साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा के साथ-साथ पारस्परिक महत्व के विभिन्न क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगी।

## यूके अंग्रेजी परीक्षण घोटाला: भारतीयों, अन्य विदेशी छात्रों ने अपना नाम साफ करने के लिए फिर कोशिश शुरू की

**लंदन।** कई भारतीयों सहित अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का एक समूह, जिनका वीजा लगभग 10 साल पहले ब्रिटेन में अंग्रेजी भाषा की परीक्षाओं में धोखाधड़ी के आरोप के बाद रद्द कर दिया गया था, मामले में अपना नाम साफ कराने के लिए नए सिरे से प्रयास कर रहे हैं। द गार्जियन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में अदालत में ताजा सबूत पेश किए गए हैं जो 35 हजार अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के खिलाफ गृह कार्यालय के धोखाधड़ी के आरोपों पर सवाल उठाते हैं।

बीबीसी की 2014 की डॉक्यूमेंट्री में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए ब्रिटेन के दो भाषा परीक्षण केंद्रों पर धोखाधड़ी के आरोपों की रिपोर्टिंग के बाद गृह कार्यालय ने इन छात्रों के वीजा को अचानक समाप्त कर दिया, जिससे रातों-रात देश में उनका रहना अवैध हो गया। समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि आव्रजन प्रवर्तन टीमों द्वारा छात्रों के आवास पर सुबह छापेमारी के बाद लगभग ढाई हजार छात्रों को निर्वासित कर दिया गया।

# पाकिस्तान में फिर प्रधानमंत्री बनने की राह पर नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक बार फिर नवाज शरीफ प्रधानमंत्री बनने की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। देश में अगली सरकार गठबंधन वाली होगी और इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) विपक्ष में बैठेगी।

ताजा रिपोर्ट के अनुसार नवाज शरीफ की पार्टी-पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज), बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) आपसी तालमेल करके पाकिस्तान में नई सरकार बना सकते हैं।

वहीं पीपीपी का एक वर्ग अभी भी बिलावल के लिए प्रधानमंत्री पद की पैरोकारी कर रहा है। इसलिए पांच वर्ष के सरकार के कार्यकाल में नेतृत्व को लेकर साझेदारी का समझौता संभव है, जिसमें शुरूआती तीन वर्ष पीएमएल एन को और बाद के दो वर्ष पीपीपी को मिल सकते हैं। इस बीच निर्दलीय सांसदों और विधायकों का पीएमएल एन में शामिल होना जारी है। नवाज की पार्टी को सरकार बनाने के लिए सेना का समर्थन भी माना जा रहा है।

पीटीआई प्रमुख गौहर अली खान ने देश में सरकार बनाने के दावे से पीछे हटते हुए सोमवार को कहा, हम नवाज की पीएमएल एन और पीपीपी के साथ नहीं बैठ सकते। इसलिए हमने उनसे सरकार बनाने के संबंध में बात नहीं की। उनके साथ गठबंधन करके सरकार बनाने से अच्छा है कि हम विपक्ष में बैठें। लेकिन सभी को ध्यान रखना चाहिए कि हम बहुमत में हैं। चुनाव में तमाम गड़बड़ियों के बावजूद पीटीआई के सबसे ज्यादा प्रत्याशी जीतकर नेशनल असेंबली (संसद) में आए हैं। इसलिए मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा करेंगे। संसद में बैठकर सभी समस्याओं का समाधान करेंगे।

चुनाव आयोग ने जिन 101 निर्दलियों के जीतने की घोषणा की है उनमें से ज्यादातर पीटीआई द्वारा समर्थित हैं। पीएमएल एन ने 75 सीटें, पीपीपी ने 54 और एमक्यूएम ने 17 सीटें जीती हैं। जबकि अन्य दलों ने भी 17 सीटें जीती हैं। एक सीट का परिणाम चुनाव आयोग ने रोक रखा है जबकि एक सीट पर प्रत्याशी के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। इसलिए सरकार बनाने के लिए फिलहाल 133 सांसदों का समर्थन जरूरी है। 336 सदस्यों वाली नेशनल असेंबली में 266 सदस्यों को मतदाता चुनकर भेजते हैं, जबकि 70 सदस्य नामित होते हैं।

इन नामित सदस्यों में 60 महिलाएं होती हैं, जबकि 10 अल्पसंख्यक वर्ग के होते हैं। सरकार को नेशनल असेंबली में बहुमत साबित करने के लिए 169 सदस्यों के समर्थन की जरूरत होगी।

वहीं किसी भी दल को बहुमत न मिलने से देश में राजनीतिक अनिश्चितता का असर पाकिस्तान के शेयर बाजार में सोमवार को दिखाई दिया और शुरूआती कारोबार में सूचकांक 2,200 अंक तक नीचे गया।

चुनाव में अपने दलों को जनता द्वारा नकारे जाने के बाद इस्तेहकाम ए पाकिस्तान पार्टी के प्रमुख जहांगीर खान तरीन और पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ-पार्लियामेंटेरियन के प्रमुख परवेज खटक ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। ये दोनों ही एक समय इमरान की पार्टी पीटीआई के प्रमुख नेता थे, लेकिन इमरान की गिरफ्तारी के बाद नौ मई, 2023 को हुई हिंसक घटनाओं और उसके बाद प्रशासन के दमन के चलते तरीन और खटक ने पीटीआई छोड़कर अपने अलग दल बना लिए थे।

सोमवार को पीटीआई के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी से मुलाकात कर उनसे चुनाव के दौरान हुई धांधली की शिकायत की और अपने दावे को पुष्ट करने वाले सुबूत दिए। पाकिस्तान की 24 संसदीय सीटें ऐसी हैं जिन पर जितने अंतर से जीत हुई है, उससे ज्यादा संख्या में वहां पर मत रद किए गए।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# टिकटॉक पर लगे प्रतिबन्ध को हटाने के लिए चीन का नेपाल सरकार पर दबाव

**काठमांडू।** चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक पर लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए नेपाल सरकार पर लगातार दबाव देने का प्रयास हो रहा है। जब से सरकार ने सामाजिक सद्भाव का हवाला देते हुए टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाया है, चीन सक्रिय रूप से इसे वापस लेने के लिए ना सिर्फ चौतरफा पैरवी कर रहा है बल्कि कूटनीतिक संबंध बिगड़ने तक की चेतावनी भी दे रहा है।

13 नवम्बर 2023 को नेपाल की कैबिनेट ने पारिवारिक माहौल और सामाजिक सद्भाव बिगड़ने का कारण बताते हुए चीनी सोशल मीडिया एप टिकटॉक पर प्रतिबन्ध लगा दिया था। उसके बाद से लगातार विभिन्न स्तर से सरकार पर इस प्रतिबन्ध को हटाने के लिए दबाव दिया जा रहा है। सबसे पहले 5 दिसंबर, 2023 को, दक्षिण एशिया के लिए टिकटॉक के सार्वजनिक नीति और सरकारी संबंधों के प्रमुख, फिरदौस मोट्टाकिन ने प्रधानमंत्री के आईटी विशेषज्ञ प्रकाश रायमाझी और संचार मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात की। तब से, टिकटॉक के प्रतिनिधि प्रतिबंध को हटाने के प्रयास में विभिन्न नेपाली एजेंसियों के साथ लॉबिंग करने में लगे हुए हैं।

जनवरी के अंतिम सप्ताह में टिकटॉक के तरफ से पांच सदस्यों वाला एक प्रतिनिधिमंडल एक सप्ताह तक विभिन्न नेपाली एजेंसियों के साथ चर्चा में लगा रहा। हालांकि, उनके प्रयासों के बावजूद कोई सफलता नहीं मिली। प्रतिबंध पर पुनर्विचार करने की टिकटॉक कंपनी बार-बार अपील कर रही है और आपत्तिजनक सामग्री को हटाकर सरकार की चिंताओं को दूर करने का लिखित आश्वासन भी दे रही है। टिकटॉक प्रतिनिधियों के अलावा काठमांडू स्थित चीनी दूतावास के अधिकारियों के तरफ से काठमांडू में इस संबंध में लगातार बैठकें करते हुए नेपाल सरकार पर दबाव बनाने का काम किया जा रहा है। पांच सदस्यीय टीम की वापसी के बाद, एक बार फिर दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पिछले हफ्ते ही नेपाल पहुंच कर प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल "प्रचंड" से मिलने का बहुत प्रयास किया लेकिन पीएम प्रचण्ड ने उन प्रतिनिधियों से मिलने से साफ इंकार कर दिया। हालांकि, उनकी मुलाकात संचार मंत्री से हुई लेकिन उसका कोई फायदा नहीं हुआ।

तमाम कोशिशों के बावजूद नेपाली सरकार अपने फैसले पर कायम है। सुप्रीम कोर्ट ने 21 नवंबर, 2023 को प्रतिबंध को चुनौती देने वाली 14 रिट याचिकाओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इस प्रतिबन्ध से कोई "अपूरणीय क्षति" नहीं हुई है। टिकटॉक के तरफ से नेपाली नियमों का पालन करने की नेपाल में पंजीकरण करने की पेशकश भी की है, लेकिन सरकारी अधिकारी संशय में हैं। सूचना तथा संचार मंत्री रेखा शर्मा ने दोहराया कि टिकटॉक की सामग्री नेपाली समुदाय के मानकों का पालन नहीं करती है जिसके कारण हमारे पारिवारिक मूल्य मान्यताओं का ह्रास तो हो ही रहा था साथ ही सामाजिक सद्भाव पर इसका नकारात्मक असर भी पड़ रहा था। संचार मंत्री ने कहा कि नेपाल सरकार सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

टिकटॉक पर प्रतिबंध से नेपाल और चीन के बीच राजनयिक तनाव बढ़ गया है। चीनी सरकार ने इस फैसले पर कड़ा असंतोष व्यक्त किया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने नेपाल सरकार के इस प्रतिबंध को "चीन विरोधी" करार देते हुए इसमें भारत, अमेरिका सहित पश्चिमी देशों के बहकावे में आने की बात कही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यहां तक कहा है कि नेपाल के इस फैसले ने दोनों देशों के बीच रहे अच्छे कूटनीतिक रिश्तों के लिए ठीक नहीं है। यह चीन के लिए चिन्ता का विषय है।